लेपालकपन 4

भाई नेविल, और शुभ दोपहर, मेरा मतलब शुभ संध्या, हमारे बहुमूल्य मित्रों को, हम आज रात्रि यहां आराधनालय में वापस आकर प्रसन्न है। थोड़ा सा गर्म है, और इसलिए जल्दी करने का यत्न करेंगे जितना जल्दी संभव हो, सीधे संदेश में चलेंगे।

पहले, हमारे पास करने के लिए कुछ उद्घोषणाएं हैं, और एक—एक विशेष प्रार्थना निवेदन। मुझे आपके पत्र मिले हैं, जो कि दिए गए, और बहन के लिए जिसे अनुभव होता है कि उसके मस्तिष्क में फोड़ा है। और एक दूसरा लुईसविले में है; और एक दूसरे सेवक के भाई का, उसके पिता को दिल का दौरा पड़ा; और आज संसार बहुत सारे, बहुत सारे बीमार लोग हैं। बहुत से बुला रहे हैं और हम निश्चित है कि उनके लिए अपने पूर्ण हृदय से प्रार्थना करते हैं, कि परमेश्वर हमारी सहायता करेगा।

प्रायः पचानवे प्रतिशत मेरी सेवकाई सदा यही रही है कि बीमारों के लिए प्रार्थना करूं, आप देखते हैं, परंतु मैं—मैं एक प्रकार से मिला है इस प्रकार का एक छोटा सा दृष्टिकोण मिला है कि... मैं अब भी रोगियों के लिए प्रार्थना करता हूं, अब यह स्मरण रखें। यह इसके साथ–साथ चलता है। परंतु, ओह, यदि हम—हम कलीसिया को ले सके जहां वह सही स्थिति तब स्थिर है, और व्यवस्थित क्रम में है इसलिए हम कार्य कर सकते हैं, आप देखते है। व्यवस्थित होना ही है, देखिए, सारी चीजें एक साथ लेकर।

किसी चीज ने अभी–अभी मेरे हृदय पर प्रभाव डाला, कुछ ही क्षणों पहले। यह जब वह पुराना अनुभवी व्यक्ति उसका एक हाथ लगभग उड़ गया था, पैर लगभग उड़ गया था। इस समय मुझे सुनने के लिए वह अभी आसपास नहीं है। परंतु एक वास्तविक राजकुमार व्यक्ति, क्योंकि जिसका नाम रॉय रॉबर्सन है, और यहां कलीसिया में हमारा एक ट्रस्टी भी है, और एक भला शानदार मसीही सज्जन पुरुष। वहां अभी–अभी अंदर आया है, और कहां, "भाई ब्रंहम, राष्ट्रपति को मत भूलना।" कहा, "जब उसने कदम उठाया तो इससे मुझे बहुत दुःख लगा," टेलीविजन पर देखा, "हवाई जहाज से उतरते हुए देखा, उसके गालों पर आंसू आ रहे थे, और उसका

मुंह एक ओर घुमा हुआ था।" आप जानते हैं, वह ठीक हुआ रॉय के साथ था और वे, उस युद्ध में वह—वह युद्ध।

कोई मतलब नहीं यदि आप राजनीति में उससे सहमत नहीं है, वह तब भी हमारा राष्ट्रपति है। जी हां, श्रीमान। मेरे लिए, मैं—मैं नहीं डेमोक्रेट ना ही रिपब्लिकन हूं। मैं एक मसीही हूं। परंतु मैं—मैं आपको बताता हूं, निश्चय ही राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर की—की महान सराहना है। श्रीमान, मेरे विचारों में—में निश्चय ही वह एक महान पुरुष है। यदि वह फिर खड़ा होता है, और मुझे वोट देनी हो तो मैं उसे फिर वोट दूंगा। यह ठीक बात है। मैं चिंता नहीं करता यदि वह—यदि वह सौ वर्षों का भी हो, मैं फिर भी उसे वोट दूंगा, क्योंकि मैं उसे पसंद करता हूं। और आज रात्रि हम उसे अपनी प्रार्थनाओं में याद रखें।

जे. टी., मैं निश्चय ही उस अच्छी सभा की सराहना करता हूं, और आप सब, आप और भाई विलार्ड ने इस सप्ताह की। यदि मैं बाहर से भीतर आता तो आप वह सब कहते, "ठीक है, अब भाई ब्रंहम आप, आप जानते हैं, *अमुक–अमुक।*" परन्तु बाहर खड़े होकर आपको सुनना यह अच्छा था, क्या आप नहीं समझे? ठीक है। इसलिए, बहुत ही शानदार।

मुझे कुछ कलिसियाओं के लिए कुछ प्रस्ताव मिले हैं, यदि आप सब उन्हें चाहते हैं, यदि अब आप उनकी देखरेख के लिए जाने को तैयार हैं, यदि आप आपने अपना परीक्षण प्राप्त कर लिया है। और, जो कि, मैं विश्वास करता हूँ कि आपने पा लिया है, और सब तय कर लिया है। मेरे पास एक ओरिगांव में है, कुछ वाशिंगटन, केलिफोर्निया, और एरीजोना, और विभिन्न स्थानों में। और यदि आप कभी कोई कलीसिया लेना चाहते हैं, या कुछ और, क्यों, ठीक यहां पर आरंभ करने के लिए अच्छा स्थान है, ठीक यहां पर। और हर स्थान में प्राण चिल्ला रहे हैं, यहां तक कि इंडियन आरक्षित क्षेत्र में भी और जहां कहीं भी आप जाना चाहे। केवल हमें बताएं, क्योंकि मैं विश्वास करता हूं कि तुम लड़के अब स्थिर हो गए हो। यह ठीक बात है। उन्हें यह करते देखना मुझे अच्छा लगता है।

वहां सड़क पर एक भाई रुडेल है। कुछ ही दिनों में उसके लिए सभा करने जा रहा हूं। भाई रुडेल एक बेदारी सभा करने जा रहे हैं। और मुझे—मुझे स्मरण है मैं इस छोटे को आसपास हर जगह धक्का लगाया करता था, उसे साज में चढ़ाने करके प्रचार करने के लिए भेजने का यत्न किया

करता था। वह इतना पिछड़ा हुआ था। वह कहेगा कि, "बस मैं बात नहीं कर सकता।" आपको उसे सुनना चाहिए। आमीन। समझे? आप कुछ नहीं जानते कि क्या आप कर सकते हैं जब तक पवित्र आत्मा आपको अपने अधिकार में ना ले ले। यह ठीक बात है।

और भाई ग्राहम स्नेलिग यूटिका में, और भाई जूनियर जैक्सन यहां पर। हम—हम उन सबको अपनी छोटी कलीसियायें समझते हैं, ठीक हमारे साथ। हम सब एक साथ हैं। हम अपनी शिक्षाओं पर असहमत नहीं है, या हमारी आशाएं, उद्देश्य, हमारी शिक्षाएं एक है। हम एक साथ खड़े हैं, सारी बातें एक साथ। हम बस एक ही कलीसिया है। और निश्चय ही हम चाहेंगे कि सब जगह फैले; हमारे कुछ अफ्रीका में है, कुछ भारत में, और चारों ओर देशों में। वहीं जहां हम उन्हें चाहते हैं, समाचार फैला रहे हैं।

और मैं इन नवयुवकों को आते हुए देखता हूं, जैसे भाई जे. टी. परनेल यहां है, और—और भाई विलार्ड और वे, जब वे नवयुवक आ रहे हैं, जबकि मैं बूढ़ा हो रहा हूं। यदि कोई आने वाला कल है, तो कल के लिए वे पुरुष होंगे। मैं नहीं चाहता कि यह संदेश कभी भी मरे। यह नहीं हो सकता। इसे तो जीवित रहना है। और मैं विश्वास नहीं करता कि हमें इसे लाने के लिए अधिक लंबा लेना होगा।

वह छोटा बालक जो उन्होंने कहा कि मरने जा रहा है, मैं देखता हूं कि यह आपके पास सारे दिन रहा, बहन। यह बहुत अच्छा है। हम इसके लिए प्रभु का धन्यवाद करते हैं, कि प्रभु अनुग्रहकारी, अनुग्रह से भरा है। जो कुछ भी आपको बताया गया है केवल उसी का विश्वास करते जाएं, देखिए, यह ठीक हो जाएगा।

अब क्या आप शिक्षा में आनंद ले रहे हैं? आप पढ़ना पसंद करते हैं? [सभा कहती है, "आमीन"—सम्पा।] ओह, मैं—मैं—मैं वास्तव में सोचता हूं यह हमारी भलाई करता है। यह बीमारों के लिए प्रार्थना करने से कुछ थोड़ा विश्राम देता है, और दर्शन, और दिव्य चंगाई। स्वाभाविक, अब, आज रात्रि हम... सभा के पश्चात, आज रात्रि हम फिर से बीमारों के लिए प्रार्थना करेंगे। हम सदा यह करना चाहते हैं, किसी को भी किसी समय बपतिस्मा देना चाहते हैं।

कितनों को स्मरण है जब विद्युत के तार की लाइनों के साथ चलता था? अच्छा, मैं विद्युत के तारों के ठीक मध्य में चला, बहुत सी बार, जंगल

में होते हुए एक दिन में तीस मील चलना पड़ता था। मेरे पास चलने के लिए दो सौ अस्सी मील थे। मैं उसमें होकर जाऊंगा, कमीज मेरे हाथों में, और, ओह, इतना थका हुआ, उन जंगलों के बीच चल रहा था, और हरी कटीली झाड़ियों का काटना। किसी बूढ़े किसान से मिलता और पेड़ के तले बैठ कर उससे बातें करता, यीशु मसीह के नाम के बपतिस्मे के विषय में। वह कहता, "अच्छा, मैं तो हमेशा बपतिस्मा लेना चाहता था।"

मैंने कहा, "यह सोते की धारा से अधिक दूर नहीं है।" और वह कहेगा...

और मैं तो उनमें से बहुतों को वहां ले गया और यीशु के नाम में बपतिस्मा दिया। ठीक पंक्ति पर लेता जितने यत्न से, मैं जा सकता था। यह ठीक बात है। बहुत सी बार अपने काम के कपड़ों में, बपतिस्मा दिया, सीधा खंभे पर से उतर कर। वहां खंभे के पार तय कर लेता; मैं लाइनमैन भी था, वहां खंभे पर, एक व्यक्ति के साथ कार्य कर रहा था, उससे प्रभु के विषय में बात कर रहा था। वह कहेगा, "क्यों, बिली, इन्हीं किन्हीं दिनों में मैं तुम्हारी कलीसिया में आऊंगा और बपतिस्मा लूंगा।"

2 मैं कहता, "क्यों तुम इतने समय तक क्यों प्रतीक्षा करते हो? हम ठीक नदी के पास है, वहां बहुत सारा पानी है।" उन्हें अभी पकड़ लो। यह ठीक बात है। यही समय है। फिलिपुस ने कहा...

3 खोजे ने फिलिपुस से कहा, "यहां पानी है, हमें कौन रोक सकता है?" यह ठीक बात है। कोई नहीं। यदि आप तैयार है, यही समय है। शैतान को अवसर ना दो कि वहां कुछ पच्चड़ घुसा दे। आज जो आप कर सकते हैं उसे कल के लिए ना छोड़े। संभव है आपके लिए कल ना आए। मुझे एक बार स्मरण है मैंने यह किया, और सीखा, मुझे एक पाठ सिखाया। मैंने किसी चीज को जो मुझे आज करना था कल पर टाल दिया, और अगले दिन बहुत देर हो गई।

4 अब, सही में मैं आप लोगों को सारे समय नहीं रोकना चाहता। परंतु मैं इतना—इतना अधिक थक गया था, और, मैं नहीं जानता, मुझे इतना अच्छा अनुभव हो रहा था यहां तक की मैं अपने आपे में नहीं था। मुझे इतना अच्छा प्रतीत होता है।

5 इसके पहले कि हम वचन पर जाएं अब हम एक क्षण के लिए अपने सिरों को झुकाए।

6 हमारे स्वर्गीय पिता, तू जीवित परमेश्वर है, सदा जीवित। वह सूर्य जब अभी–अभी अस्त हुआ है, उसी सूर्य को डेनियल ने अस्त होते देखा, यिर्मयाह ने इसे अस्त होते हुए देखा, आदम ने इसे अस्त होते देखा, यीशु ने इसे अस्त होते हुए देखा। और यही वह संसार है जिसमें उन्होंने जीवन बिताया, और इसमें चले फिरे और आप आज भी वैसे परमेश्वर है।

7 आज रात्रि बहुत से निवेदन है। एक मनुष्य जिसके मस्तिष्क में फोड़ा है, एक बहन को भी उसी चीज का भय है। प्रभु, केवल आप ही आशा है, यहां इसके लिए। वह फोड़ा अब कैंसर में बदल रहा है, उसे कोई नहीं रोक सकता। यह डॉक्टरों की पहुंच से बाहर है। परंतु आज रात्रि हम अपने छोटे गोफन के साथ आते हैं, मेमने के पीछे कि इसे पिता के झुंड में वापस ले आए। प्रभु यीशु के नाम में हम अपनी प्रार्थना को निर्देशित करते हैं कि सिंह को मार डाले, फोड़े को, कैंसर, उन्हें सुरक्षित झुंड में ले आए।

8 और परमेश्वर, हम, अपने प्रिय राष्ट्रपति को स्मरण करते हैं, हमारा भाई ड्वाइट आइजनहावर, प्रभु। उसने राष्ट्र की अगुवाई की है, प्रभु, वह हमें युद्ध से बचाना चाहता है उसने प्रतिज्ञा की है। वह कोरियर युद्ध को समाप्त कर देगा यदि वह इसे किसी प्रकार से कर सकेगा। उसने उन माताओं से प्रतिज्ञा की वह उन लड़कों को वापस ले आएगा। परंतु उसने कहा है, “मेरे लिए यह करना, मैं इसे नहीं कर सकता। मैं अपने प्रयत्न करूंगा, परंतु केवल परमेश्वर ही इसे करेगा।” और आप उसके साथ थे, प्रभु, और अब यह सब तय हो गया। वे इसे पहली बार ही में क्यों ना देख सके? परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप उसकी सहायता करेंगे। प्रभु, उस योद्धा प्राण को आशीषित करें। और हम प्रार्थना करते हैं कि जो अगला है उस नेता को आप हमारे लिए चुनेंगे। आपका पहले से ठहराना हो जाएगा, प्रभु।

9 परंतु वह जिसमें आज रात्रि हमारी रुचि है, अपने राष्ट्रीय मामलों को छोड़, वह महान महिमायुक्त वह जो अपना राज्य स्थापित करने आ रहे हैं जिसका कि अंत ना होगा, प्रभु यीशु, तेरा पुत्र। वे हथियारों को टिका देंगे, टेप में से आवाज आएगी, और फिर युद्ध ना होंगे। वे दाख की बारी लगाएंगे और उसमें से फल खाएंगे। वे घर बनाएंगे, उनमें बसेंगे। और वहां फिर कभी इसके बाद दुःख नहीं होंगे।

10 अब हमें आशीषित करें हम आपके वचन की ओर बढ़ते हैं। और, पिता, आप कारण जानते हैं कि मैं इसी वचन से जो यहां है आपके वचन की ओर

बढ़ रहा हूं। इसलिए है क्योंकि मैं—मैं अनुभव करता हूं कि आप मुझसे इसी प्रकार से करवाना चाहते हैं, यह आपकी दिव्य इच्छा है, यह आपकी आज्ञा में है, यह... यह आज का कार्यक्रम है, कि लोग अपने सही स्थान को पा ले और युद्ध की घड़ी के लिए तैयार हो जाए। जैसे कि हमारे भाई ने अपनी प्रार्थना में कहा कि आप अधिक समय नहीं हुआ, "ओह, आपने हमें लंबे समय तक प्रशिक्षित किया है, प्रभु।" अब, पिता, हमें अपना पद दे। हमें वहां पर रखें, जहां कि हमें करना है, ताकि हम अपने पिता के कार्य पर हो सके। क्योंकि हम यह यीशु के नाम, आपके पुत्र के द्वारा मांगते हैं। आमीन।

11 आप दोपहर बाद बहुत ही शानदार समय रहा, लूईसविले के प्रसिद्ध डॉक्टर और उसकी नर्स से बातें कर रहा था। उन्होंने प्रभु की शानदार बातों के विषय में सुना। और उस महिला के पिता डॉक्टर थे। और वह आकर अधिकांश दोपहर बाद मेरे कमरे में बैठती, बस आकर रूकती है। एक शानदार व्यक्ति; बल्कि थोड़ी सी कठोर, आप जानते हैं, एक प्रकार की विश्वासी, आरंभ से ही एक वास्तविक प्रेसबीटेरियन, परंतु जब गई तो उसके गालों पर आंसू थे। ओह, मैं... परमेश्वर ने उन्हें पकड़ लिया चाहे जहां भी हो, डॉक्टर के कार्यस्थल पर, नर्सों के। मैं विश्वास करता हूं एक नर्स नॉर्टन इनफरमेरी अस्पताल में है उसके पवित्र आत्मा पाने के लिए मैंने गवाही नहीं दी, और उससे कहा यदि वह यीशु के नाम में बपतिस्मा लेती। वह डॉक्टर नहीं जिसके संपर्क में मैं आया हूं, कहीं भी, या कुछ... समझे?

12 उन्हें भी इस विषय में बताया। भाई, हमारे पास अधिक समय नहीं है। कोई मतलब नहीं कि यह हमें कितना भी कठिन लगे, जब तक आप अपनी अंतिम सांस ना ले ले और देखें, तब आप चाहेंगे आपको इसे कर लेना था। जी हां, श्रीमान। उस समय तक प्रतीक्षा ना करें, हम इसे अभी कर ले। यही समय है। ओह, वे असहमत हो सकते हैं, और क्रोध और झगड़ा इस विषय में थोड़ा सा हो सकता है, परंतु उनका ऐसा अर्थ नहीं होता। वे वास्तव में ऐसा नहीं करते। वे—वे—वे ठीक है। जब वे आप से विवाद करते हैं, केवल—केवल स्मरण रखें, उनका—उनका वास्तव में यह अर्थ नहीं होता। उनका ऐसा मतलब नहीं होता। संभव है उन्हें इस प्रकार से सिखाया गया है और वे उसी के बने हुए हैं, इसलिए आप—आप उनके विचारों को देख सकते हैं। उनसे झगड़िये मत, किसी के साथ झगड़ा ना करें, केवल उनसे प्रेम करें। तब उनके लिए प्रार्थना करें।

13 अच्छा, मैं सोचता हूं कि हम 9वे में पद को ले, मैं निश्चित नहीं हूं। 3रे अध्याय से यह लंबा पड़ेगा है कि नहीं, श्रीमानो? ओह, यह मेरे लिए चट्टान में, मधु जैसा है! स्मरण रखें, अब हम बोल रहे हैं, इसलिए हम इसकी छोटी सी भूमिका फिर ले सकते हैं। और अब, भाई नेविल, आप—आप मुझे थोड़ा सा खींच देना यदि मैं आने के समय को ना देख सकूं, ताकि मैं बीमारों के लिए प्रार्थना कर सकूं। हम हर छोटे बिंदु को लेना चाहते हैं जो हम ले सकते हैं। और आज रात्रि मैं वेदी की बुलाहट को चाहता हूं। मैं... इस पर समाप्त कर रहा हूं जिससे कि मैं बाकी को केवल इसको पढ़ने के योग्य हो जाऊं।

14 परंतु इसका उद्देश्य आपकी स्थिति को, मसीह में देखना है, इसको देखते हुए ऐसा कुछ नहीं है कि आप केवल इसमें ठोकर खाओ, या ऐसा कुछ जिससे कि आप... आप कहीं के लिए योग्य हो गए हैं, परंतु यह वह है जो परमेश्वर ने आपके लिए किया है, स्वयं ही। यह नहीं की आप बहुत अच्छे थे कि आप एक रात्रि कलीसिया में गए, कोई बेचारा भाई आपको वेदी तक ले गया। और यह वह नहीं था। यह परमेश्वर था, संसार के रचने से पहले, आपको अनंत जीवन के लिए ठहराया। जब उस दिन आप वहां गए कोई आश्चर्य नहीं कि... चौबिस प्राचीनो ने अपने मुकुट उतार दिए, प्रत्येक ने अपने मुकुट उतार दिए, हर एक ने गिरकर मुंह के बल दंडवत किया, उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं था, कोई प्रचारक, कोई प्राचीन, कुछ नहीं। सारी महिमा मेमने को! उस दिन परमेश्वर उसमें सब कुछ एकत्र करेगा। ओह! यदि हम कभी जान और पहचान सकेंगे कि वह कौन था जिसे उन्होंने क्रूस पर चढ़ाया। अब...

15 हम 8वें पद से आरंभ करते हैं, ताकि थोड़ी सी भूमिका ले ले।

जिसे उसने सारे ज्ञान और समझ सहित हम पर बहुतायात से किया;

अपनी इच्छा का भेद उस सुमति के अनुसार हमें बताया,...

16 "अपनी इच्छा के भेदो को।" और स्मरण करें कि हम उस पर कैसे रुके रहे? इस प्रातः कितने यहां पर थे, जरा देखें। हम उस पर कैसे टिके रहे, "उसकी इच्छा का भेद।" अब, यह कोई छोटी बात नहीं है, तब यह भेद है। परमेश्वर की इच्छा एक भेद है। और प्रत्येक व्यक्ति को अपने–अपने लिए उसकी इच्छा को मालूम करना चाहिए, परमेश्वर का भेद।

17 हम कैसे ढूंढते हैं? पौलुस, उसे मालूम था। उसने कहा उसने किसी मनुष्य, मांस और लहू से सलाह ना ली। वह किसी विद्यालय में नहीं गया, कोई धार्मिक विद्यालय नहीं। उसका इससे कोई वास्ता नहीं था। परंतु वो... उस पर यीशु मसीह के द्वारा प्रकाशित किया, जो उसे दमिश्क की राह पर मिला था, एक—एक ज्योति में अग्नि स्तंभ के समान, और इसने उसे पुकारा। और वह अरब को चला गया, और वहां तीन वर्षों तक रहा। ओह, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि वह कुछ समय था, भाई एगमा? तीन वर्षों तक पौलुस अरब में था, कहीं किराए के मकान में, इधर-उधर बेचैनी से चल रहा था, उन पुराने लेखों के साथ। उनके पास नए वाले नहीं थे; उनमें से अधिकांश पौलुस ने लिखे। इन पुरानी लिपटी हुई पुस्तकों में, कैसे परमेश्वर ने, हमें अनंत जीवन के लिए ठहराया। कैसे वह यीशु को भेजेगा, कि उसके बलिदान के द्वारा हम सबको जीवन के वृक्ष का अधिकार मिल जाए। "जिनको उसने पहले से जाना, उसने उन्हें बुलाया; जिन्हें उसने बुलाया, उसने उन्हें धर्मी ठहराया, जिन्हें उसने उन्हें धर्मी ठहराया, उन्हें पहले ही महिमामय किया।" परमेश्वर, ने संसार के आरंभ से, हमें लेपालक पुत्र होने के लिए ठहराया है। अब सारी सृष्टि करहा रही है, परमेश्वर के पुत्रों के प्रगट होने की बाट जोह रही है। ओह, मैं कल्पना करूंगा पौलुस का अद्भुत समय रहा होगा। मैं उसके साथ वहां होना पसंद करूंगा। क्या आप नहीं करेंगे?

18 अब उसने कहा, "उसने अपना भेद हम पर प्रगट किया।" आपके ऊपर किसी समय पवित्र आत्मा उतरेगा, और उसे चलाना आरंभ करेगा और केवल ध्यान दें कि वह कैसे जाता है। इस दोपहर पश्चात मेरे पास था, ओह अध्यन के लिए तीस मिनट थे, केवल पाठ को देखा; संभवतः नहीं, मैं कहूंगा कि, उसका आधा समयो के मध्य में केवल पंद्रह मिनट। मुझे भागना था, और मैंने सोचा, "भेद, कितना भेदपूर्ण है!" और पवित्र वचन मुझे पुराने नियम में वापस ले गया, तब वापस नए नियम में लेकर आया; किसी बात को बाधा, देखिए उसके आने के बाद, उसकी इच्छा का भेद हमारे एक साथ बैठने का भेद। स्मरण रखे, यह किसी धार्मिक विद्यालय में पढ़ाया नहीं जा सकता। यह एक भेद है आप इसे शिक्षा, और धर्म ज्ञान से, नहीं जान सकते। यह वह भेद है जो जगत की उत्पत्ति से पहले छिपा हुआ है, परमेश्वर के पुत्रों के प्रगट होने की बाट जोह रहा है।

19 मुझे बताएं, मेरे भाई, मेरी बहन, मुझे बताएं, कि इस समय को छोड़

कौन सा समय था कि परमेश्वर के पुत्र प्रगट हुए? इतिहास में वह समय कब रहा कि सारी सृष्टी को छुड़ाने का समय प्रगट हुआ? प्रकृति, प्रकृति स्वयं तड़प रही है, समय के प्रकट होने की बाट जोह रही है। क्यों, पहले इसके की छुटकारा किया जाता, इसके पहले की पवित्र आत्मा उंडेला जाता, सारे—सारे पुराने नियम के पहले, वहां पर, वहां प्रगटीकरण नहीं हो सकता था। इसे तो इस समय तक प्रतीक्षा करनी थी। अब सारी चीजें लाई गई है, आ रही है, चोटी के पत्थर के रूप में बदल रही हैं, परमेश्वर के पुत्रों को वापस आने का प्रगटीकरण हो रहा है, और परमेश्वर का आत्मा इन मनुष्यों में, इतनी सिद्धता से आ रहा है, जब तक की उनकी सेवकाई मसीह के समान ना हो जब तक यह उसके साथ और उसकी कलीसिया के साथ मिलकर ना जुड़ जाएगा।

20 कितनों ने पिरामिड के इतिहास का अध्ययन किया है? मैं समझता हूं कि एक महिला ने अपना हाथ उठाया है। ठीक है।

21 परमेश्वर ने तीन बाईबले लिखी है। उनमें से एक आकाश में राशि चक्र में, यह पहली बाईबल है। मनुष्य यह अनुभव करने के लिए ऊपर देखना था कि परमेश्वर ऊपर से है। राशी चक्र को देखें, क्या आपने इसका कभी अध्यन किया है? यहां तक कि यह हर युग को दिखाता है, यहां तक कि कर्क युग। यह आरंभ को, दर्शाता है... मसीह का जन्म। राशी चक्र में पहला चित्र क्या है? कुंवारी। अंतिम चित्र क्या है? लिओ सिंह। मसीह का पहला और दूसरा आगमन, यह सब वहां पर लिखा हुआ है।

22 तब अगली बाईबल पत्थरों में लिखी गई, "पिरामिड" कहलाई। परमेश्वर ने पिरामिड में लिखा। यदि आप उनका अध्ययन करें, पुराने इतिहासो और युद्धों को देखें, कि वे कैसे बाढ़ के विनाश के पहले निर्मित किए गए थे।

23 तीसरी कागज पर लिखी गई, बाईबल, उस महान तेज बुद्धिमान आने वाले संसार के लिए। अब, जैसे कि परमेश्वर युगों में से होते हुए निकला, हम लिओ सिंह पर है। हम पिरामिड के ढकने पर हैं। हम प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में है, अंतिम अध्याय पर। विज्ञान कहता है हम मध्य रात्रि के तीन मिनट पहले है। ओह, सोचिए कि हम कहां पर है।

24 और ध्यान दें, हम पिरामिड को ले, यह सरल है। यह एक त्रिकोण के समान चलता है।

25 जब हम यहां कलीसिया के आरंभिक युग के आरंभ में थे, लूथर के समय में सुधार के पश्चात, एक मनुष्य का यह कहना कि वह एक मसीही था, तो उसके लिए जीवन या मृत्यु था। वे उसे इसलिए मार डालते क्योंकि यदि उसने यह भी कह दिया कि वह एक मसीही था। इसलिए व्यभिचार में से निकलने... प्रत्येक युग, हर समय में होते हुए अवसर रहा है। "वे सब जो मसीह यीशु में भक्ति का जीवन व्यतीत करते हैं सताए जाएंगे।" लूथर के युग में, एक "लूथरन" हूं। कहना यह भयानक बात थी, आपको सनकी समझा जाता था, और मृत्यु दंड भी दिया जा सकता था। बहुत सी बार वे उन्हें जीवित जला कर मार डालते थे, उन्हें जलाया, और लूथरनो के लिए बहुत कुछ।

26 तब कलीसिया संकरी हो गई, जैसे कि पिरामिड। तब यह अनुग्रह के दूसरे कदम पर आई, जो कि पवित्रीकरण था। वैसली का समय, जब उसने एग्लिकन कलीसिया का विरोध किया, पवित्रीकरण को सिखाया। यह फिर से अल्पसंख्यक हो गई, तब वे फिर सनकियों का झुंड कहलाए।

27 यह कितने हैं जो मैथोडिस्ट थे या हुआ करते थे, या किसी समय में मैथोडिस्ट कलीसिया से जुड़े हुए थे? आपमें से आधे। क्या आप जानते हैं कि मैथोडिस्ट कलीसिया में एक समय लगभग पवित्र आत्मा था? मैं मैथोडिस्ट की कलीसियाओं में गया हूं और उन्हें फर्श पर पड़े हुए देखा है, उनके मुंह पर पानी फेंका जाता और उन्हें पंखा किया जाता, पवित्र आत्मा को उन पर आने से रोका जाता। यह ठीक बात है। अब, यह सत्य है, वहां पर केन्टकी के पहाड़ों में जहां हमारे यहां मैथोडिस्ट थे। तुम लोग वहां कलीसिया में सम्मलित होने वाले थे। हमारे यहां वे मैथोडिस्ट, और बैपटिस्ट थे। हम वेदी पर पहुंचते और एक–दूसरे उनकी पीठ पर मारते जब तक कि हमें कुछ मिले। हम उस में से होकर निकले, उसके बाद हमने भिन्न रीति से जीवन बिताया।

28 परंतु आप लोग बस आए और अपने नाम पुस्तक में चढ़वाएं और कहा, "मैं एक मैथोडिस्ट हूं।" और एक नामक दानी ले कर उससे थोड़ा सा पानी आपके ऊपर छिड़क दिया, और यह सब कुछ हो गया। बाहर जाकर छोटे–छोटे वस्त्र पहने, सिंगार किया, घुड़ दौड़ की शर्त लगाई, जुआ खेला, सिक्का डालकर गाने सुनें और सब कुछ, फिर भी अच्छे मैथोडिस्ट, देखा। यह मैथोडिस्ट नहीं है। यह तो केवल कलीसिया के सदस्य बनने वाले हैं।

यह ठीक बात है। बैपटिस्ट, भी इसी प्रकार से, प्रेसबीटेरियन भी, इसी प्रकार से।

29 जैसे कि डेविड डू प्लेसिस ने कहा, “परपोते–पोतियां, परमेश्वर के पास कोई पोते पोती नहीं है।” परमेश्वर के पास कभी भी पोते– पोती नहीं हुए। उसके पास पुत्र है, परंतु पोते नहीं। यह ठीक बात है। आप... और लोग जो मैथोडिस्ट कलीसिया में आते हैं, या पेंटीकोस्टल कलीसिया, या बैपटिस्ट कलीसिया, क्योंकि उनके माता–पिता पेन्तेकोस्तल थे या बैपटिस्ट, तो आप एक पोते हुए। वे पुत्र थे। आप पोते है, देखा। इसलिए परमेश्वर के पास ऐसा कुछ नहीं है। कलीसिया के पास ऐसा बहुत कुछ है, परंतु नहीं, परंतु नहीं—वह नहीं—वह नहीं... परमेश्वर के पास नहीं है।

30 अब ध्यान दें, ये, जब तक यह आगे बढ़े अब, जैसे कि यह अल्पसंख्यक ना हो जाए, वह कलीसिया। पेंटीकोस्टल युग भीतर आया। जिसने की अनिश्चय ही उबड़–खाबड़ को बराबर कर दिया। तब इसने क्या किया? इसने मैथोडिस्ट और लूथरन को पीछे छोड़ दिया।

31 अब पवित्र आत्मा की चलने की दिशा पेंटीकोस्टल युग से दूर जाने लगी। उन्होंने क्या किया? वे संस्थागत हो गए, स्वयं को बना लिया, “हम असेंबली ऑफ गॉड है।” “हम वननैस है।” “हम टू नैस है।” “हम चर्च ऑफ गॉड हैं।” “हम *यह,* या *वह* हैं। आप हम में से नहीं, आप स्वर्ग में तब तक नहीं जा सकते जब तक आपका नाम हमारी पुस्तक में ना हो।” ओह, ऐसी निरर्थक बात! मैं चिंता नहीं करता कि यदि आप में बैपटिस्ट, मैथोडिस्ट, प्रेसबीटेरियन है, आप अपना नाम जीवन की पुस्तक में सब लिखते हैं जब परमेश्वर उसमें लिखता है। यदि आप अनंत जीवन के लिए ठहराए हुए हैं, परमेश्वर आपको किसी भी प्रकार से बुलायेगा, कैसे भी, किसी—किसी तरह ऐसे या वैसे। वह निश्चय ही बुलाएगा। “वह सब जो पिता ने मुझे दिया है, मेरे पास आएगा।” कोई मतलब नहीं आप कौन सी कलीसिया से संबंधित है, इससे कोई लेना–देना नहीं है। परंतु नामधारी आपके साथ एक भी नहीं करेंगे, परंतु बहुत सी रुकावट डाल सकते हैं कि परमेश्वर के संग ना चले, परंतु यह—यह कभी भी कुछ ना नहीं करेगा। आपको और विश्वासियो और अविश्वासियो के संग एकत्र करेगा। ठीक है, आप उस पर जहां कहीं जाते हैं प्रहार करते हैं, और यह यहां तक की स्वर्ग

में है। इसलिए, यह ठीक है, परंतु आप अपने नामधारी की ओर देख रहे हैं। यीशु को देखें, वही है जिसे देखना है।

32 अब जैसे कि हम बढ़ते जा रहे हैं... उनके पास... कितने... मैं विश्वास करता हूं कि इस महिला ने अपना हाथ उठाया है, कि इसने पिरामिड का अध्यन किया है। आप जानते हैं, कि पिरामिड पर कभी भी चोटी का पत्थर नहीं रखा गया क्या था? इस पर कभी भी चोटी का पत्थर नहीं रखा गया। वे इसे पा भी नहीं सके। वे नहीं जानते कि इसका क्या हुआ। क्यों? इस पर चोटी का पत्थर क्यों नहीं रखा गया, चोटी का पत्थर इसका शीर्ष? क्योंकि जब वह आया तो उसको अस्वीकार कर दिया गया। वह अस्वीकार किया हुआ पत्थर था। यह ठीक बात है। परंतु यह ढाका जाएगा। यह ठीक बात है। और तब वे पत्थर जो चोटी के पत्थर के चारों ओर लगे थे, उन्हें पत्थर होना है जो इस पत्थर के समान पूर्ण होंगे, जो जोड़ में ठीक बैठे, और हर—हर ओर से। ओर पिरामिड इतना सिद्ध है कि आप उनके मध्य में ब्लेड भी नहीं घुसा सकते, जहां वे पत्थर आपस में जोड़ते हैं। बहुत सुंदर कारीगिरी। उनमें से कुछ सैकड़ों टनों वजन के हैं, हवा में और इतनी सिद्ध रीति से आपस में बैठाए गए हैं।

33 परमेश्वर इसी प्रकार से अपनी कलीसिया को ला रहा है। हम एक दूसरे के संग ठीक प्रकार से सही जुड़े हुए हैं, एक हृदय और एक संगति। अब कोई कहता है, “अच्छा, लूथरन जो पहले थे उनके पास कुछ नहीं था।” क्या आप इसका विश्वास नहीं करते। लूथरन पुनरुत्थान में बिल्कुल वैसे ही ऊपर आएंगे जैसे बाकी के पुनरुत्थान में ऊपर आएंगे। बैपटिस्ट, प्रेसबीटेरियन, और परमेश्वर के सारे बालक, उस पुनरुत्थान में ऊपर आएंगे। और यही कारण है कि लोग आज कहते हैं, “ओह, अच्छा, एक जोरदार बेदारी होगी जो यहां होंगी और करोड़ों पेंटीकोस्टलो को बचा लेगी। वे बच जाएंगे और आकाश में उठा लिया जाना होगा।” आप गलती कर गए। वह आकाश में उठाया जाना सैकड़ों हजारों का होगा, यह ठीक बात है, परन्तु वह उद्धार के छह हजार वर्षों का भी बना होगा, पिछले छह हजार वर्षों का। जैसे ही ज्योति मनुष्य के पास आती है मनुष्य ज्योति में चलता है, वह पुलो को पार करता है जब वह उनके पास आता है। अब, यदि वह इसे अस्वीकार कर दे, तो वह अंधकार में छुट जाता है। परंतु यदि वह बढ़ता रहता है!

34 अब, ध्यान दें, तब प्रभु यीशु का आगमन इतना समीप होता है जब तक कि आत्मा यहां नीचे से... न्यायोचित ठहराना, पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा स्पष्ट रूप से, और अब ठीक चोटी के पत्थर के आने के समय के अंदर। कलीसिया को मसीह के समान इतना सिद्ध होना है जब तक कि कलीसिया और मसीह एक साथ ना जुड़ सकें, एक ही आत्मा। और यदि मसीह का आत्मा तुम में है, तो यह आप में मसीह का जीवन बनाता है, मसीह के जीवन का व्यवहार, मसीह का कार्य करता है। "वह जो मुझ पर विश्वास करता है, तो जो कार्य मैं करता हूं वह भी करेगा।" यीशु ने यह कहा है। समझे? अब हमें भी मिलने जा रहा है, हमारी एक सेवकाई है जो आ रही है जो बिल्कुल ठीक मसीह के जीवन के समान है। वह सेवकाई क्या प्रमाणित करती है? प्रभु का आगमन।

35 आज इस संसार में देखिए, और ध्यान दें कि ख्रुश्चेव क्या कह रहा है, यह सारी महान बातें, और महान विश्वव्यापी संघर्ष ठीक सामने है, किसी भी समय किसी भी सेकंड यह राख में बदल जाए। यह ठीक बात है। और यदि वह, हम यह जानते हैं यह बंद है। कोई भी समझदार व्यक्ति अखबार में पढ सकता है या रेडियो को सुनें, और यह जानते है कि यह बंद हो गया। अच्छा, स्मरण करें, मसीह अपनी कलीसिया के लिए आ रहा है इसके पहले कि यह घटित हो। इसलिए प्रभु यीशु मसीह का आगमन कितना समीप है? संभव है कि यह सभा आज रात्रि समाप्त होने से पहले। हम अंत समय में है। निश्चय ही सत्य है।

36 कलीसिया पर ध्यान दें जैसे कि यह आ रही है, जैसे कि यह बढ़ रही है। इसे जरा अपने मस्तिष्क में ले, अपना इतिहासकार लोग जो इतिहास का अध्यन करते हैं। न्यायोचितता की आधीनता में लूथरन कलीसिया को देखें, कैथोलिकवाद अभी–अभी निकल कर आई है, उसके बढने को देखें। और तब वैसली की ओर देखें और समीप आ रही है, पवित्रीकरण में से, वचनों में बैठ रही है। सीधे इसके मध्य में देखें, वैसली। तब अगली चीज जो आई थी पेंटीकोस्टल युग था। और पेंटीकोस्टल युग वरदानो का वापस आना था, आत्मिक वरदानो का। अब, आने वाले युग को देखिए अब सीधा चोटी के पत्थर तक। देखिए मेरा क्या अर्थ है? प्रभु के आगमन का मालूम होना। परमेश्वर और सारी सृष्टी कलीसिया के लिए प्रतीक्षा कर रही है कि अपने सही स्थान को पा ले।

37 आज की परेशानी, मैं... प्रत्येक जिससे मैं मिला, बहुत समीप है। मैं बाहर चला गया, हम ले रहे थे... मुझे अपना शारीरिक परीक्षण करवाना था, आप जानते हैं, यदि हम विदेश जा रहे हैं, आप मिशनरी और आदि–आदि यह जानते हैं। जब मेरा परीक्षण किया जा रहा था तो वे मुझे वहां कमरे से बाहर लाएं, मैं पुराना वह पी रहा था... जो मुझे लपसी सा दिखाई पड़ता है, या कुछ ऐसा, और मैं—मैं उसे पी रहा था। और वहां बाहर आकर बैठ गया, आधे घंटे तक प्रतीक्षा करी और देखा कि यह मेरे अमाशय से बाहर आया कि नहीं। मैंने वहां उस पार देखा, और वहां कोई छोटी महिला थी, और ऐसी लग रही थी कि मरने वाली है। वह इतनी... छोटे–छोटे पैर और छोटे–छोटे हाथ। और मैं इस व्यक्ति से उस व्यक्ति के पास घूम रहा था, इस व्यक्ति से उस व्यक्ति के पास, और महिला के समीप आ रहा था, जब तक मैं वहां नहीं आ गया जहां वह थी। वह बेचारी छोटी चीज ऐसी लग रही थी कि मरने पर थी। और मैं उसके समीप आ गया, मैंने कहा, "महोदया जी, मुझे क्षमा करें।"

उसने कहा, "आप कैसे हैं? " ओह, वह बहुत बीमार थी!

और मैंने कहा, "क्या गड़बड़ है? "

38 उसने कहा, "मैं ट्यूसान अपनी पुत्री से मिलने गई थी। मैं बीमार हो गई, वे समझ नहीं सके कि क्या बात है।"

39 मैंने कहा, "एक बात मैं आपसे पूछना चाहता हूं।" मैंने कहा, "मैं सुसमाचार प्रचारक हूं। क्या आप मसीही हैं? क्या यदि वह घड़ी आएगी तो आप जाने के लिए तैयार है? "

और उसने कहा, "मैं *अमुक–अमुक* कलीसिया से हूं।"

40 मैंने कहा, "प्रश्न यह नहीं था जो मैंने आपसे पूछा। क्या आप मसीही है परमेश्वर के आत्मा से भरी हुई और जाने के लिए तैयार है जब वह आपको बुलाता है? " वह महिला यहां तक कि समझ ही ना सकी कि मैं किस विषय में बात कर रहा हूं। देखा? ओह, संसार आज कितनी दयनीय स्थिति में है!

41 अब, "हमें उसकी इच्छा का भेद बताया गया," उभर रहा है... मैं आपको कुछ पढ़ दू। अब मैं पढ़ रहा था... अब हम "उसकी इच्छा के भेद," की ओर घूमे। हम यहां एक मिनट के लिए इब्रानियों को निकाले, इब्रानियों का 7वां अध्याय, मैं विश्वास करता हूं कि यही है। और मैं आपके

लिए कुछ पढ़ूंगा जिससे आपको अच्छा अनुभव होगा जब हम इसके लिए सोचते हैं हमें एक साथ मिल कर स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं। इब्रानियों, 7वां अध्याय।

> *यह मलिकिसिदक,* (अब ध्यान दें।) *शालेम का राजा, और परम प्रधान परमेश्वर का याजक,...*

42 अब क्या भेद है? यहां पर भेद है, इस पर ध्यान दें। यह व्यक्ति कौन है, "जान रहे हैं, उसकी इच्छा का भेद," यह मलिकिसिदक? मैं यहां प्रत्येक की प्रतीक्षा कर रहा हूं, अभी भी बाईबले पलटी जा रही है। इब्रानियों, 7वां अध्याय, पौलुस बोल रहा है, वहीं गलतियों वाला व्यक्ति।

> *यह मलिकिसिदक, शालेम का राजा, और परमप्रधान परमेश्वर का याजक,... अब्राहम राजाओं को मारकर लौटा जाता था, तो इसी ने उस से भेंट करके उसे आशीष दी;*

> *इसी को अब्राहम ने सब वस्तुओं का दसवां अंश भी दिया; यह पहिले अपने नाम के अर्थ का अनुसार धर्म का राजा,... और फिर... शालेम का राजा,* (यह व्यक्ति कौन है?) *जो कि, शांति का राजा है;*

> *जिसका ना पिता, ना माता, ना वंशावली है, जिसके ना दिनों का आदि है, और या जीवन का अंत है;...*

43 यह मनुष्य कौन है? यह कौन था? उसके पास कभी भी पिता नहीं था, उसके पास कभी भी माता ना थी, उसका कभी भी आरंभ ना था, या ना ही कभी समय का अन्त था वह कभी ना मरेगा। जब अब्राहम राजाओं को मारकर लौटा आता था उसने इस से भेंट की। वह क्या कर रहा था? वह लूत को छुड़ाने गया था, उसका खोया हुआ भाई कि उसे वापस लाएं। और उसने राजाओं का घात किया; जो कि, वे राजा मारे गए थे; मैं विश्वास करता हूं; दस या पन्द्रह राजा, और उनके राज्य। परंतु अब्राहम ने अपने दासों को हथियार दिए, और उसके पीछे–पीछे गया, स्वयं को रात्रि में अलग किया, देखिए, उसने उसे कहाँ पकड़ा, रात्रि के समय। ओह, भाइयों, अब हम अंधकार में कार्य कर रहे हैं, हमारे पास केवल एक ही ज्योति है, सुसमाचार की ज्योति। परंतु उसने स्वयं को अलग किया, और उसे पकड़ा और उसे वापस लाया। और वापस आते समय, जब युद्ध समाप्त हो गया!

44 चलिए उत्पत्ति 14 में चले, एक मिनट, कहानी को और स्पष्ट ले ले। चलिए हम उत्पत्ति में चले चौथे... मैं विश्वास करता हूं यह 14वां, उत्पत्ति 14। हम, उत्पत्ति में चले 14:18 से आरंभ करें। आइये इससे थोडा पहले आरंभ करे। आइये आरंभ करें, हां, 18वां पद, उत्पत्ति 14:18, "और मलिकिसिदक... " अब, यह अब्राहम राजाओं को मार कर लौट रहा है। वापस आया, अपने मार्ग पर वापस, लूत को वापस ला रहा है, सारे लोग जिन्हें ले जाया गया। सारे!

45 दाऊद के समान, जिसने जाकर और अधिकार... दाऊद ने क्या किया? छोटी सी गोफन ली, जाकर सिंह के मुख से उस छोटे मेमने को छुड़ा लिया। गोफन के विषय में सोचिए, मेमने के पीछे जा रहा है। संसार में ऐसा कौन करेगा? मुझे बताएं, यहां कौन मनुष्य ऐसा करेगा, अपना हाथ उठाएं। मैं आपको एकदम बताऊंगा कि आप गलत है। आपने मुझे उठाएं हुए नहीं देखा। नहीं, मैं उसके पीछे तीन शून्य छह नहीं लेकर नहीं जाऊंगा, कठिनता से। परंतु वह उसके पीछे गोफन के साथ गया, चमड़े के समान एक छोटा टुकड़ा, जिस पर दो रस्सियां बंधी है, लपेटकर पकड़ी हुई है। क्योंकि... और जब गोलियथ की डींग मारने का समय आया, तो वह गोलियत के पीछे गया, और उसने कहा, "स्वर्ग के परमेश्वर ने मुझे एक मेमने को सिंह के मुख से छुड़ाने दिया, भालू के मुख से।" वह जान गया कि यह गोफन नहीं है। यह परमेश्वर कि सामर्थ जो उसके साथ गई थी। यह वही था जो मेमने को वापस लाया।

46 और हम आज यही कहते हैं। परमेश्वर दाऊद के आस–पास ही है, जी हां श्रीमान, जो कि पिता की भेड़ को खाना खिलाता हैं। और यदि कभी फोड़ा आएगा, या एक कैंसर आएगा, या कुछ भी, और सीधा डॉक्टर के हाथों में से कूद पड़ेगा। यह उस दाऊद को नहीं रोकेगा, वह ठीक उसके पीछे–पीछे जाएगा, उस छोटी गोफन के संग, "मेरे नाम से कुछ भी मांगो, यह दिया जाएगा।" मैं चिंता नहीं करता कि डॉक्टर हंस सकता है, और हर कोई उसका उपहास उड़ा सकता है, जो भी है वह उसके पीछे जाएगा, उस भेड़ को झुंड में वापस लाएगा। जी हां, श्रीमान। "वह परमेश्वर का बालक है, उस पर से अपने हाथ हटा ले!" इस सिंह को गिरा दिया, तब सिंह फिर से उठा, उसने उसे दाढ़ी से पकड़ा और उसे मार डाला; एक छोटा साधारण सा लड़का, सम्भवत: अस्सी या नब्बे पाउंड का।

47 ध्यान दें। मलिकिसिदक, शालेम का राजा जो कि शान्ति का राजा है, वास्तव में जो कि उस पहाड़ के पार है। यह यरूशलेम का राजा है, यह कौन था। यह बिल्कुल ऐसा ही है जो वो था, यरूशलेम का राजा। जो पहले शालेम कहलाता था, जो कि शांति थी; वह पहले यरूशलेम कहलाता था, उसके पहले कि यरूशलेम कहलाता। वह यरूशलेम का राजा था। वह धार्मिकता का राजा था, शांति का राजा, शालेम का राजा। उसके कोई पिता ना था, उसके माता ना थी, उसके दिनों को आरंभ ना था, उसके जीवन का अंत नहीं था, उसकी वंशावली ना थी। ओह, ओह, ओह! यह व्यक्ति कौन है? इस पर ध्यान दें। युद्ध के समाप्त हो जाने के पश्चात, जय प्राप्त कर ली गई, ध्यान दें, इसने क्या कहा। "और मलिकिसिदक," 18वा पद 14वा अध्याय, उत्पत्ति।

> *तब शालेम का राजा मलिकिसिदक, जो परमप्रधान ईश्वर का याजक था: रोटी और दाखमधु ले आया।*
>
> *और उसने अब्राहम को यह यह आशीर्वाद दिया कि परम प्रधान ईश्वर की ओर से, जो आकाश और पृथ्वी का अधिकारी है:*
>
> *तू धन्य हो और धन्य है, परम प्रधान ईश्वर जिसने तेरे द्रोहियों को तेरे वंश में कर दिया है। तब अब्राहम ने उसको सब का दशमांश दिया।*

48 आईये आगे पढ़े।

> *तब सदोम के राजा ने अब्राहम से कहा प्राणियों को तो मुझे दे, और धन को अपने पास रख।*
>
> *और अब्राहम ने सदोम के राजा से कहा, परम प्रधान ईश्वर यहोवा, मैं ने अपना हाथ परमप्रधान परमेश्वर यहोवा की ओर ऊपर उठाया है,* जो आकाश और *पृथ्वी का अधिकारी है,* (सुनिए वह उसको सारांश देता है, वह कैसे उसको देता है!)
>
> *उसकी मैं यह शपथ खाता हूं कि जो कुछ तेरा है, उसमें से ना तो मैं एक सूत और ना* जूती का बन्धन, *ना कोई और वस्तु लूंगा... और हो सकता है तू ऐसा ना कहने पाए, कि अब्राहम मेरे ही कारण धनी हुआ:*
>
> *पर जो कुछ इन जवानों ने* खा लिया है,...

49 ध्यान दें यह मलिकिसिदक जैसे ही वह अब्राहम से मिला जब वह राजाओं को मारकर लौटा आ रहा था। परमेश्वर का भेद अब प्रगट हो रहा था! यह कौन था? कोई नहीं... वे उसका कोई इतिहास नहीं ढूंढ सकते, क्योंकि उसके पास कोई पिता नहीं था, उसके पास कोई मां नहीं थी, उसके समय का कोई आरंभ नहीं था, उसका कभी भी कोई समय नहीं था, कि वह कभी मरता इसलिए वह जो कुछ भी था, वह अब भी जीवित है। उसका कभी भी आरंभ नहीं था, इसलिए वह कोई और नहीं हो सकता सिवाए एल, एलाह, एलोहिम; स्वयं-भू, स्वयं चिरस्थायी, सर्वशक्तिमान परमेश्वर!

50 यीशु का एक पिता था, यीशु की माता थी; यीशु के दिनों का आरंभ था, यीशु के पृथ्वी के जीवन का एक अंत था। परंतु यह मनुष्य इसके पास ना ही पिता ना ही माता, आमीन, कोई पिता नहीं माता नहीं। यीशु के पिता और माता दोनों थे। इस व्यक्ति का ना पिता ना माता। आमीन। और इसने क्या किया, जब युद्ध समाप्त हो गया, जब अब्राहम ने अपनी स्थिति ली?

51 जब कलीसिया में अपना सही स्थान लिया, हम पवित्र आत्मा के द्वारा, लेपालक पुत्र कहलाए। और जब प्रत्येक मनुष्य अपने स्थान को ले लेता है, जिसे परमेश्वर उसे करने के लिए बुलाता है, और जीवन के आत्मा छोर पर खड़ा होता है, खोए हुओं के पीछे जाता है।

52 पहले, पौलुस इसमें से सारा भय निकालता है, कहता है, “अब यदि आप बुलाए हुए हैं, यदि आप यूं ही अपने विचारों में कार्य नहीं कर रहे हैं किसी धर्म विज्ञान के द्वारा, यदि आप वास्तव में आत्मा से जन्मे है, तो फिर परमेश्वर ने आपको संसार के रचने से पहले ठहराया है, आपके नाम को मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखा है, और अब हम एक साथ मसीह यीशु में मिलकर स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं। एक पवित्र लोग, एक पवित्र राष्ट्र, एक विचित्र लोग, राजकीय याजक पद, परमेश्वर को आत्मिक बलिदान चढ़ा रहे हैं, जो कि, हमारे होठों का फल है उसके नाम की महिमा करते है।”

53 लोग भीतर आकर कहते हैं, “वे लोग पागल है।” निश्चय ही है; परमेश्वर की बुद्धिमानी मनुष्य के लिए मूर्खता है, और मनुष्य की बुद्धिमानी परमेश्वर के लिए मूर्खता है। वे एक दूसरे के विरोधी है।

54 परंतु वास्तव में आत्मा से भरी हुई कलीसिया, परमेश्वर की सामर्थ से भरी, मिलकर स्वर्गीय स्थानो में बैठी है, आत्मिक बलिदान चढ़ा रही है, परमेश्वर की स्तुति, पवित्र आत्मा उनके मध्य में मंडरा रहा है पाप को परख रहा है और उनके मध्य में जो बातें हैं वह जो गलत है कह रहा है, ठीक किया और इसे स्पष्ट और बराबर कर रहा है। क्यों? क्योंकि, सदा परमेश्वर की उपस्थिति में वह लहू लुहान बलिदान।

55 और स्मरण रखें, आज प्रातः हमने इसे देखा। आप लहू के द्वारा नहीं बचे, आपको लहू के द्वारा बचाया जा *रहा* है। परंतु आप अनुग्रह से बचे हैं, इस पर विश्वास करने के द्वारा। परमेश्वर ने आपके हृदय को खटखटाया क्योंकि उसने आपको पहले से ठहराया। आपने देखा और इसका विश्वास किया, इसे स्वीकार किया। अब लहू आपके पापों के लिए छुटकारा बनता है। स्मरण रखे, मैंने कहा है कि, "परमेश्वर पापी को उसके पाप करने के लिए दोषी नहीं ठहराता।" वह तो आरंभ से ही पापी है। वह एक मसीही को पाप करने के लिए दोषी ठहराता है। और तब क्योंकि उसने उसे दोषी ठहराया, मसीह ने हमारा दोष ले लिया। इसलिए वे जो मसीह यीशु में है उन पर कोई दोष नहीं है, वे शरीर के अनुसार नहीं चलते, परंतु आत्मा के अनुसार। और यदि आप कोई गलत कार्य करते हैं, यह जानबूझकर नहीं। आप जानबूझकर कट पाप नहीं करते। एक मनुष्य तो जानबूझकर पाप करता है, जाकर जानबूझकर पाप करता है, वह कभी भी अब तक देह में नहीं आया। परंतु एक मनुष्य जो एक समय वहां था, वह मर गया था, और उसका जीवन मसीह के द्वारा, परमेश्वर में छिपा था, पवित्र आत्मा के द्वारा मोहर बंद किया गया, और शैतान उसे ढूंढ़ ना सका, वह वहां इतना अंदर था। इसके पहले कि शैतान उसके भीतर जा सके उसे बाहर आना ही था। "क्योंकि आप मरे हुए हैं!"

56 मरे हुए मनुष्य से कहें कि वह ढोंगी है और देखिए क्या घटित होता है। उसके एक ओर लात मारे और कहे, "तू पुराने ढोंगी तू," वह एक भी शब्द ना कहेगा। और यह ठीक बात है, वह वहीं पड़ा रहेगा।

57 और एक मनुष्य जो मसीह में मर गया, आप उसे ढोंगी कह सकते हैं, आप जो चाहे उसे कहे, वह इसके विरुद्ध कभी नहीं उठेगा। यदि कुछ है, तो वह चुपचाप से कहीं जाकर आपके लिए प्रार्थना करेगा। यह ठीक बात है। परंतु, ओह, उनमें से कुछ बहुत कुछ जीवित है। इस विषय में मैं यही

सोचता हूं, हमें मरे हुए को गाड़ना है। वे जो मसीह में मरे हुए हैं, हम उन्हें पानी में गाड़ते है। कभी–कभी हम बहुत से लोगों को जीवित गाड़ देते हैं, बहुत जलन और झगड़ा, और कलीसिया में बहुत कुछ है। परंतु हमें अलग नहीं कर सकते, परंतु परमेश्वर करता है। वह अपने लोगों को जानता है। वह अपनी भेड़ को जानता है। वह हर आवाज को जानता है। वह अपने बालकों को पहचानता है। और वह जानता है वह किसे पुकार सकता है, वह जानता है उसने किसे ठहराया है। वह जानता है उसने यह चीज चीजें किसे दी है, वह स्वयं को किस पर प्रगट कर रहा है। वह कैसे... परमेश्वर अपने बालकों पर विश्वास करता है, और किस पर क्या करता है, और जानता है कि वे ठीक वैसे ही करेंगे।

58 क्या आप विश्वास करते हैं कि परमेश्वर करता है? क्यों, शैतान ने अय्यूब से—से एक दिन कहा... परमेश्वर से एक दिन कहा, “हां, तेरे पास एक दास है।”

59 परमेश्वर ने कहा, “पृथ्वी पर उसके समान कोई नहीं है। यह एक सिद्ध मनुष्य है।” उस पर विश्वास था।

60 शैतान ने कहा, “ओह, हां, उसके पास सारा सुख चैन है। उसे थोड़े समय के लिए मुझे दे दे और मैं उसे ऐसा कर दूंगा कि वह तेरे मुंह पर तुझे बुरा कहेगा।”

61 उसने कहा, “वह तेरे हाथों में है, परंतु तू उसका जीवन ना लेना।” समझे? उसने सिवाए उसका जीवन छोड़ उसके साथ सब कुछ किया।

62 परंतु, ओह, अय्यूब, बजाए इसके... उसने क्या किया? क्या उसने परमेश्वर को कोसा, जब परमेश्वर ने अपने बालकों को लिया, जब उसने यह सारी बुरी–बुरी बातें उसके साथ की, और सब कुछ? अय्यूब ने प्रश्न नहीं किया। वह अपने मुंह के बल गिरा और उसे दंडवत किया। हाल्लेलुय्या! कहा, “प्रभु ने दिया प्रभु ने लिया, प्रभु का नाम धन्य हो!” आप भी उसी स्थिति में है।

63 परमेश्वर अय्यूब में अपने विश्वास को जानता था। परमेश्वर जानता है कि वह आप पर कितना विश्वास कर सकता है। वह जानता है कि मुझ पर वह कितना विश्वास कर सकता है। परंतु अब हम जो बोल रहे हैं कि इस बालक को सही स्थान पर रखना।

64 अब, बाईबल में... जब युद्ध समाप्त हो गया, जब सारी बातें समाप्त हो गई, तब अगली बात हम क्या करते हैं? अगली चीज हम युद्ध समाप्त होने के पश्चात क्या करते हैं? क्या आपने जाना हम क्या करते हैं? हम मलिकिसिदक से मिलते हैं। आइए मत्ती 16:16, जल्दी से देखें, यदि यह ठीक है या नहीं। संत मत्ती, 16वां अध्याय और 16वां पद। मैं पूर्णतः आश्वस्त हूं कि यह सही है, मत्ती 16:16। मत्ती छह–... नहीं, यह गलत है, इतने समीप नहीं हो सकता। 26:26। ओह, 16 यहां, वह शमौन पतरस से बात कर रहा है; क्षमा करें, मेरे कहने का यह अर्थ नहीं था। 26:26, क्योंकि बस अंतिम भोज, मैं इसी को लेने का यत्न कर रहा हूं। मत्ती, 26वां अध्याय और 26वां पद। अब हमें मिल गया, हम यहां अंतिम भोज पर है।

जब वे खा रहे थे, तो यीशु ने रोटी ली, और आशीष मांग कर, और इसे तोडा, और इसे उसके चेलों को दे कर कहा, लो खाओ; यह मेरी देह है।

फिर उसने कटोरा लेकर धन्यवाद किया, और उन्हें देकर कहा, तुम सब, इसमें से पीओं;

क्योंकि यह वाचा का मेरा वह लहू है, जो बहुतों के लिए पापों कि क्षमा के निमित्त बहाया जाता है (एस–आई–एन–एस, पाप, मसीही जो गलत कार्य करते हैं).

65 ठीक है, "परंतु—परंतु... " सुनिए, 29वां पद।

... मैं तुमसे कहता हूं, कि दाख का यह रस उस दिन तक कभी ना पीऊंगा, जब तक तुम्हारे साथ अपने पिता के राज्य में नया *ना पीऊं।*

66 क्या? अब्राहम के अपने स्थान पाने के पश्चात मलिकिसिदक ने यही चीज की। अपने लोगों को व्यवस्थित किया, और युद्ध ओ जीता, और वह वापस आया, और मलिकिसिदक रोटी और दाखरस के साथ आया। युद्ध के समाप्त हो जाने के पश्चात, तब हम प्रभु यीशु के संग विवाह का भोज खाएगा उस नए संसार में। ओह, प्रभु का नाम धन्य हो। ठीक है।

67 "उसकी इच्छा के भेद, उसकी भली मनसा के अनुसार," फिर से इफिसियों, 9 में, "जिसे उसने अपने में ठान लिया था।"

कि समयों के पूरे होने का ऐसा प्रबंध हो...

68 और इसे स्मरण रखें, हमने इसे अभी–अभी देखा है। इफिसियों, 1ला अध्याय, 10वां पद।

कि समयो के पूरे होने का ऐसा प्रबंध हो...

69 अब, हमने सीखा कि समयो का पूरा होना किस बात की प्रतीक्षा कर रहा है? सारे समय का पूरा होना, वह समय जबकि पाप का होना बंद हो जाएगा, वह समय जब मृत्यु थम जाएगी, वह समय जब बीमारी रुक जाएगी, वह समय जब पाप बंद हो जाएगा, वह समय जब सारी मिलावटे (जो बातों को बिगाडती है, जो शैतान ने बिगाड दी है) रुक जाएगा, जब समय स्वयं रुक जाएगा। ध्यान दें।

कि समयों के पूरे होने का प्रबंध हो कि... सब कुछ वह मसीह में एकत्र करें, जो कुछ स्वर्ग में है, और जो कुछ पृथ्वी पर है, उसी में ही एकत्र करें:

70 "मसीह के द्वारा सब वस्तुएं एकत्र करें।" जैसा कि मैंने आज प्रातः कहा, सारे छोटे मोती जो हम पाते हैं, यह महान छोटी बातें, आप इन्हें उत्पत्ति में चमका सकते हैं, आप इन्हें निर्गमन में चमका सकते हैं, आप इन्हें लैव्यवयवस्था में चमका सकते हैं, और इन्हें निकालते हुए, और प्रकाशितवाक्य में लाते हैं वे यीशु में पूरे हो जाएंगे। आप यूसुफ को लें, आप अब्राहम को ले, आप इसहाक को ले, आप दाऊद को ले, आप किन्हीं भी, उन मोतियों को ले, परमेश्वर के वे लोग, और देखिए यदि आप यीशु मसीह को ना देखें उनमें से प्रत्येक से प्रकट होता है। "ताकि वह सारी वस्तुओं को एक में एकत्र करें, मसीह यीशु में।"

71 अब, थोड़ा सा आगे, अब वह 11वा पद।

उसी में पहले से ठहराए जाकर मीरास बने,...

72 ओह, "एक मीरास।" किसी को आपके लिए कुछ छोड़ना है, कि मीरास बने। क्या यह ठीक बात है? एक मीरास! हमारे पास क्या मीरास है? हमारे पास कौन सी मीरास है? मेरे पास कोई नहीं है। परंतु परमेश्वर ने मेरे लिए मीरास छोड़ी है जब उसने मेरा नाम पृथ्वी के रचने से पहले मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखा।

73 ओह, आप कहते हैं, "अब, एक मिनट रुके, भाई, यीशु ने यह किया जब वह आपके लिए मरा।" नहीं, उसने कभी नहीं। यीशु वह मीरास मेरे

वास्ते खरीदने के लिए आया। ठीक अगली को पढ़े… ठीक अगली पंक्ति को पढ़े।

> *उसी में जिसमें* हम भी *मनसा से… उसी की मनसा से, जो अपनी इच्छा के मत के अनुसार सब कुछ करता है, पहिले से ठहराए जाकर मीरास बने:*

74 परमेश्वर ने पृथ्वी के रचने से पहले, जैसा कि हमने इसे पाठ में लेते हुए लिया, हमने कैसे देखा कि, परमेश्वर जो स्वयं विद्यमान, उसमें किस प्रकार से प्रेम था। उसमें एक परमेश्वर होने का था; उसकी आराधना के लिए कुछ नहीं था। उसमें एक पिता होने का था; वहां… वह अपने ही द्वारा था। उसमें एक बचाने वाला होने का था; कुछ खोया नहीं था। उसमें चंगा करने वाले का एक था। यह उसके गुण थे। वहां कुछ नहीं था। इसलिए उसका अपना आपा, उसकी अपनी भली मनसा ने इन बातो को उत्पन्न किया, ताकि वह एक मनुष्य के द्वारा, मसीह यीशु, इस सबको एक साथ फिर एकत्र करता है। ओह! "आंखों ने नहीं देखा, कानों ने नहीं… " कोई आश्चर्य नहीं यह एक भेद पूर्ण बात है!

75 देखिए, "इस मीरास के लिए हमें पहले से ठहराया।" यदि मेरे पास किसी मीरास का अधिकार है, यदि परमेश्वर मेरे ह्रदय पर खटखटा रहा है और कह रहा है, "विलियम ब्रंहम, मैंने तुम्हें बहुत पहले बुलाया, इस संसार के रचने से पहले, कि तू सुसमाचार प्रचार करें," मेरे पास एक मीरास है, अनंत जीवन की एक मीरास। अब, परमेश्वर यीशु को भेजा कि मेरे लिए उस मीरास को वास्तविक बना दें, क्योंकि वहां कुछ नहीं था जो मैं कर सकता था कि—कि उसका अधिकारी होता। यह खाली था, यह वैद्य था, कुछ नहीं था जो कि मैं कर सकता था। परंतु समय के पूरा होने पर परमेश्वर ने भेजा, अपने ही अच्छे समय में, यीशु वह मेमना, पृथ्वी के रचने से पहले घात किया गया। उसका लहू बहाया गया ताकि मैं अपनी मीरास पर पहुंच सकूं। क्या होने के लिए? कौन सी मीरास? वह पुत्र पद, परमेश्वर का पुत्र होने के लिए।

76 और अब यह आपके गले को मरने के लिए घोट दें। परंतु क्या आप जानते हैं वह मनुष्य जो परमेश्वर के पुत्र हैं वे छोटे ईश्वर है? आपमें से कितनों को यह मालूम है? कितने जानते हैं कि यीशु ने ऐसा कहा है? बाईबल ने कहा यीशु ने कहा, "क्या तुम्हारी व्यवस्था स्वयं में नहीं कहती,

कि तुम 'ईश्वर' हो? और यदि तुमने उन्हें ईश्वर कहा... " जो कि, परमेश्वर ने उत्पत्ति 2 में कहा है, कि वे ईश्वर थे, क्योंकि वे थे संसार के राज्य पर पूरा राज्य था। उसने उसे सारी चीजों पर अधिकार दिया। और उसने अपना ईश्वरिय पद खो दिया, उसने अपना पुत्र पद खो दिया, उसने अपना राज्य खो दिया, और शैतान ने उसे ले लिया। परंतु भाई, हम परमेश्वर के पुत्रों के प्रगट होने की बाट जोह रहे हैं जो कि वापस आएंगे और इसे फिर से ले लेंगे। समय के पूरा होने के बाट जोह रहे हैं, जब पिरामिड चोटी तक पहुंचता है, जब परमेश्वर के सारे पुत्र प्रगट होंगे, जब परमेश्वर की सामर्थ बाहर आ जाएगी (हाल्लेलुय्या) और सारी सामर्थ को ले लेगा जो कभी शैतान ने उस से ले ली थी। जी हां, श्रीमान, यह उसकी है।

77 वह दिव्य वचन है जो परमेश्वर से बाहर निकला, यह सत्य है, वह परमेश्वर का पुत्र था। तब उसने मनुष्य को वह छोटा ईश्वर बनाया। और उसने कहा, "यदि जिनके पास परमेश्वर का वचन पहुंचा उन्होंने उन्हें कहा, भविष्यव्यक्ताओ को, यदि उन्होंने उन्हें 'ईश्वर' कहा जिनके पास परमेश्वर का वचन पहुंचा... " और परमेश्वर ने इस प्रकार कहा, स्वयं ने, कि वे ईश्वर थे। उसने मूसा को बताया, "मैंने तुझे ईश्वर बनाया, और हारून को तेरा भविष्यवक्ता।" आमीन। व्यूह! मैं धार्मिक उन्मादी के समान व्यवहार कर सकता हूं, परंतु मैं नहीं हूं। ओह, जब तुम्हारी आंखें खुलती है और इन चीजों को देखती है। ठीक है। उसने मनुष्य को ईश्वर बनाया, अपने राज्य पर एक ईश्वर। और उसका राज्य समुद्र से समुद्र तक, किनारे से किनारे तक; उसके पास इसका नियंत्रण है।

78 और जब यीशु आया, बिना पाप के एक परमेश्वर होने के नाते, उसने यह सिद्ध किया। जब हवाएं चली, उसने कहा, "शांत हो, थम जा!" आमीन। और जब पेड़, उसने कहा, "तुझ में से कोई मनुष्य नहीं खाएगा।"

79 "मैं तुमसे सच-सच कहता हूं, तुम जो छोटे ईश्वर हो, यदि तुम इस पहाड़ से कहो, 'हट जा,' अपने-अपने ह्रदय में संदेह ना करो, परंतु विश्वास करो कि जो तुमने कहा है घटित होगा, तो तुम जो चाहे कहो तुम पा सकते हो।"

80 वापस उत्पत्ति में जाओ, मूल पर, यह क्या है? अब संसार और प्रकृति कहर रही है चिल्ला रही हैं, हर चीज हलचल कर रही है। क्या? परमेश्वर के पुत्रों के प्रगट होने के लिए, जब सच्चे पुत्र, उत्पन्न हुए पुत्र, भरे हुए पुत्र बोलते

हैं और उनके वचन समर्थित है। मैं विश्वास करता हूं, हम इस समय इसकी सीमा पर है। जी हां, श्रीमान। इस पहाड़ से कहो, ऐसा हो जाए।

81 "भाई, मेरी—मेरी *ऐसी-ऐसी* इच्छा है, एक निश्चित चीज हो गई। मैं यीशु मसीह में एक विश्वासी हूं।"

82 "मैं यह तुम्हें प्रभु यीशु मसीह के नाम में देता हूं।" आमीन। वहां प्रगट हो गया।

83 "ओह, भाई, वहां बाहर मेरी फसल जल रही है। कोई वर्षा नहीं हुई।"

84 "मैं तुम्हारे पास प्रभु के नाम में वर्षा भेजूंगा।" और वहां वह होगी। ओह, प्रतीक्षा कर रही है, कहर रही है, सारी सृष्टी परमेश्वर के पुत्रों के प्रगट होने की बाट जोह रही है। परमेश्वर ने इसका आरंभ में ही अभिषेक कर दिया है। उसने मनुष्य को अधिकार दिया है।

85 उसने यीशु मसीह को दिया, और यीशु ने अपने नाम में दिया, इस आश्वासन के साथ, "पिता से मेरे नाम में कुछ भी मांगो और मैं इसे करूंगा।" ओह, भाई पामर! परमेश्वर के पुत्रों के प्रगट होने की प्रतीक्षा हो रही है, वह स्थिति, कलीसिया!

86 जैसा मैंने कहा, इफिसियों की पुस्तक यहोशू की पुस्तक है, और यहोशू लोगों को उसी स्थान में रखता है जहां से वे है। अब, यदि वे शांत नहीं खड़े रहेंगे, उसने एप्रेम को *यहां* रखा, और मनश्शे की भूमि, और *यह* वापस आएगा एक विवाद और परेशान होना, वे कभी भी कैसे साथ-साथ होंगे? जब एक कहता है, "मैं एक बैपटिस्ट हूं, मैं एक मैथोडिस्ट हूं, मैं एक पेंटीकोस्टल हूं, मैं वन नैस, मैं टू नैस, मैं *फलां-फलां* हूँ।"

87 आप इसे कैसे करने जा रहे हैं? शांत रहिए! परमेश्वर की इच्छा है कि अपनी कलीसिया को उपयुक्त स्थान पर लाए, परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियों। परमेश्वर, इसे देखने के लिए, मुझे जीवित रखे यह मेरी प्रार्थना है। बहुत समीप है यहां तक कि मैं अपने हाथों से प्रतीत होता है, कि अनुभव कर सकता हूं। यह ठीक यही है। यही है जिसे देखने की मेरी इच्छा है, मार्ग पर चलते हुए समय की प्रतीक्षा कर रहा हूं, वह अपाहिज पड़े हुए हैं, अपनी मां के गर्भ से ही, "सोना और चांदी तो मेरे पास नहीं है।" ओह, परमेश्वर के पुत्रों के प्रगट होने की प्रतीक्षा हो रही है, हाल्लेलुय्या, जब परमेश्वर स्वयं को प्रगट करेगा, जब वे बीमारियों को रोक देंगे, वे कैंसर को रोक देंगे, वे पीड़ाओ को रोक देंगे।

88 आप सोचते हैं कैंसर कुछ है? बाईबल ने कहा ऐसा समय आएगा जब मनुष्यो का मांस उन्हीं में सड़ जाएगा, और शिकरे उनके मरने से पहले उनके शरीरों को खा लेंगे। जो आ रहा है कैंसर उसमें दांत दर्द है। परंतु स्मरण रखे, यह भयानक चीजों का रोका गया है कि उस दिन में उन्हें ना छुए जिनके पास परमेश्वर की छाप है। इसी बात के लिए हम अब यत्न कर रहे हैं, कि भीतर आकर परमेश्वर के राज्य में यथा स्थान पर रखे जाए इसके पहले कि भयानक बीमारियां आए। ओह, कितना भला है! समय की अवधि, समय का पूरा होना, वह मीरास।

> *जिसमें* हम भी... *पहले से ठहराए जाकर मीरास के उत्तराधिकारी हुए...*

89 हमारी मीरास हमें कैसे दी गई, किसके द्वारा? पहले से ठहराए जा कर। पहले से ठहराए जाना पूर्व ज्ञान है। परमेश्वर ने कैसे जाना कि वह आप पर प्रचारक होने के लिए विश्वास करें? उसका पूर्वज्ञान। "वह नहीं जो इच्छा करता है या वह जो दौड़ता है, या वह... यह परमेश्वर है जो अनुग्रह दिखाता है।" यह ठीक बात है, पहले से ठहराया जाना। वह जानता है कि आपमें क्या था। उसे मालूम था कि आपमें क्या था इसके पहले कि आप पृथ्वी पर आते। इसके पहले कि पृथ्वी होती और आप उस पर आते वह जानता था कि आप में क्या था। यह—यह वही है। यह अनंत परमेश्वर है, अनंत। हम समिति है, हम केवल समिति ही सोच सकते हैं।

90 यही मेरे लिए बहुत है, तब से मुझे क्या घटित हुआ। मैं नहीं जानता। जब मैं वहां सोचता हूं, जब मैं वहां आनन्दित क्षणों में खड़ा हुआ, और सोचा, "वहां कोई आने वाला कल नहीं है।" ना बीता हुआ कल था, वहां कोई रोग नहीं है, वहां कोई दु:ख नहीं है। बजाए सपूर्ण आनन्द के वहां कोई थोड़ा सा आनन्द नहीं है; वहां सब आनन्द ही आनन्द है। ओह, प्रभु! ओह, जब मैं वहां खड़ा हुआ और मैंने कहा, "यह क्या है? "

91 उस आवाज में कहा, "यह सिद्ध प्रेम है, और हर चीज जिसे तुमने कभी प्रेम किया और हर चीज जिसने कभी आप से प्रेम किया, वह यहां अब आपके साथ हैं।"

92 "और आप हमें यीशु के सामने उपस्थित करेंगे जब वह आता है, अपनी सेवकाई के परितोषक के समान।" मैंने वहां उन सुंदर महिलाओं को खड़े देखा, सब मुझे पकड़ रहे थे और चिल्ला रहे थे, "मेरा अमूल्य, प्रिय भाई!"

उन मनुष्यों को देखा, वह झबरे बाल उनकी गर्दन के चारों ओर, दौड़ते हुए, मुझे पकड़े रहे थे, और कह रहे थे, “हमारा प्रिय भाई!”

और मैंने सोचा, “इसका क्या अर्थ है? ”

उसने कहा, “यह तुम्हारे लोग है।”

93 मैंने कहा, “मेरे लोग? वहां इतने ब्रंहम नहीं हो सकते, वहां लाखों थे।”

94 उसने कहा, “यह तुम्हारे मत परिवर्तित लोग हैं!” हाल्लेलुय्या! “वे तुम्हारे मत परिवर्तित लोग है। यही वे है... ” कहा, “आप देखिए वह वहां पर खड़ी है? ” बहुत ही सुंदर महिला जो मैंने कभी देखी। कहा, “जब तुम ने उसकी अगुवाई परमेश्वर तक की वह नब्बे वर्ष से ऊपर थी। कोई आश्चर्य नहीं वह चिल्ला रही थी, ‘मेरा प्रिय भाई।’” कहां, “वह कभी भी अब बूढी नहीं होगी। वह वहां से निकल कर आगे बढ़ गई। वह शानदार युवा अवस्था में थी। वह यहां खड़ी थी। वह ठंडा पानी नहीं पी सकती थी, उसे इसकी आवश्यकता नहीं थी। वह लेट कर सो नहीं सकती थी, क्योंकि वह थकित नहीं है। वहां कोई आने वाला कल, बीता कल कुछ भी नहीं है। हम अब अनंतता में है। परंतु किसी महिमा वाले दिन, परमेश्वर के पुत्र आएंगे, और तुम्हारा न्याय तुम्हारे प्रचारे गए वचन के द्वारा जो उन्हें प्रचार किया गया जाएगा।” ओह, भाई!

मैंने कहा, “क्या पौलुस को अपना झुण्ड लाना होगा? ”

“जी हां, श्रीमान।”

95 मैंने कहा, “मैंने बिल्कुल ठीक जैसा पौलुस ने कहा प्रचार किया है। मैंने इसकी दिशा नहीं बदली, मैंने इसे किसी भी कलीसिया के धर्मसार में नहीं ले गया या ऐसा कुछ। मैं ठीक वैसा ही इसके साथ बना रहा।”

96 और वे सारे के सारे एक साथ चिल्लाए, “हम यह जानते हैं! उसी आश्वासन के साथ हम विश्राम कर रहे हैं।” कहा, “आप हमें उसके सम्मुख उपस्थित करेंगे, और तब हम पृथ्वी पर फिर से वापस जाएंगे, कि सदा जीवित रहे।” ओह, प्रभु!

97 तब ही फिर मैं आने लगा। मैंने देखा, मैं पलंग पर पड़ा हुआ हूं, और मैंने अपने पुराने शरीर को देखा बूढ़ा हो रहा था और झुर्रीदार, और सुकड रहा था और—और बीमार और दु:खी, और मैंने अपने हाथों को अपने

सिर के पीछे देखा, और मैंने सोचा, “ओह, क्या मुझे फिर से इसमें वापस जाना पड़ेगा? ”

98 और मैं इस आवाज को सुना रहा, “आगे बढ़ते रहो! आगे बढ़ते रहो!”

99 मैंने कहा, “प्रभु, मैंने सदा दिव्य चंगाई का विश्वास किया है, मैं इसका विश्वास करता रहूंगा। परंतु मैं उन प्राणों के लिए यत्न करूंगा, इसलिए मेरी सहायता करें। मैं वहां बहुत सो को ले लूंगा मैं... प्रभु, मुझे जीवित रहने दे, और मैं और लाखों को वहां मिला लूंगा, यदि आप मुझे जीवित रहने दे।”

100 मैं चिंता नहीं करता कि क्या रंग है, क्या धर्म सार है, कौन से राष्ट्र का नागरिक है, वे कौन है, जब वे वहां पहुंचते हैं, वे सब एक होते हैं, और वे सीमा रेखायें पार हो गई। ओह, मैं उन महिलाओं को देख सकता हूं, बहुत सुंदर; कभी नहीं देखी... नीचे तक लंबे बाल उनकी पीठ पर। नीचे तक लंबे–लंबे स्कर्ट। वे नंगे पैर थी। उन पुरुषो को झबरे–झबरे बालों के साथ जो उनकी गर्दन तक थे देखा, लाल सिर काले सिर, सारे विभिन्न रंगों के। और वे मेरे चारों ओर हाथों को डाल रहे थे। मैं उन्हें अनुभव कर सकता था। मैंने उनके हाथों को अनुभव किया। परमेश्वर मेरा न्यायी है, पवित्र पुस्तक खुली हुई है। मैं उनके हाथों को इस प्रकार अनुभव कर सकता था जैसे अपने हाथ मेरे अपने मुंह पर। वे अपने हाथ मेरे चारों ओर डाल रहे थे, कोई महिलाओं वाली संवेदना नहीं जैसी की अब होगी। मैं चिंता नहीं करता कि आप कितने पवित्र हैं, आप कौन हैं, आप किस प्रकार के प्रचारक हैं, या आप जो भी हो सकते हैं, पादरी या आप जो भी हो, कोई मनुष्य ऐसा नहीं है कि महिला के गले में हाथ डाले, और बिना मानव अनुभूति के हो। यह बिल्कुल सत्य है। परंतु, भाई, जब आप यहां से वहां के बीच चले जाते हैं, वहां यह इस प्रकार से नहीं है। ओह, प्रभु! यह ऐसा है... वहां... यह असंभव है। यह संपूर्ण प्रेम है। हर चीज वास्तविक है भाई और बहन हर चीज वास्तविक है। वहां मृत्यु नहीं, दुःख नहीं, ईर्षा नहीं, कुछ नहीं, वहां और कुछ प्रवेश नहीं कर सकता। यह केवल सिद्धता है। इसी के लिए मैं यत्न कर रहा हूं। इसी को मैं रख रहा हूं।

101 मैंने कहा, “ओह प्रभु, मैं इसी के लिए यहां कलीसिया में हूं, कलीसिया को व्यवस्थित करने का यत्न कर रहा हूं।” भाई और बहन, आप लोगों को बता रहा हूं, केवल एक ही चीज वहां प्रवेश कर सकती है, वह सिद्ध

प्रेम है। इसलिए नहीं कि आप ब्रंहम आराधनालय के प्रति ईमानदार है, या मैथोडिस्ट कलीसिया या बैपटिस्ट कलीसिया के है। वे ठीक है, आपको होना चाहिए। परंतु, ओह, मित्र, आपके पास है... इसलिए नहीं कि आप अन्य–अन्य भाषा में बोले हैं, आत्मा में नाचे हैं, क्योंकि आपने प्रेत आत्माओं को निकाला है या विश्वास से पहाड़ों को हटाया है। यह सब ठीक है, यह ठीक है, परंतु जब तक वह वास्तविक प्रेम भीतर ना हो। यही है जहां वह सिद्ध सिद्ध प्रेम था। और केवल यही एक चीज है जो आपको वहां जाने देगी। केवल यही एक चीज है जो वहां रह सकती है, केवल यही एक चीज है जो वहां थी। ओह, प्रभु! यह एक लेपालकपन है। परमेश्वर, दुनिया की नींव डालने से पहले!

102 अब, जल्दी करेंगे, अगले दस मिनट में, किसी भी तरह, यदि संभव हो तो, इस एक अध्याय को पूरा कर लें।

> *हम भी उसी की मनसा से मीरास बने...* (हम किसके उत्तराधिकारी हुए? अनंत जीवन के।)... *पहले से ठहराए जाकर...*

कैसे? क्या सब यह समझते हैं? क्या आपने परमेश्वर को पुकारा? नहीं, परमेश्वर ने आपको बुलाया। कुछ लोग कहते हैं, "ओह, मैंने बस परमेश्वर को खोजा, और परमेश्वर को खोजा।"

आपने नहीं खोजा। किसी मनुष्य ने कभी परमेश्वर को नहीं खोजा। यह परमेश्वर मनुष्य को खोजता रहा है। यीशु ने कहा, "मेरे पास कोई मनुष्य नहीं आ सकता सिवाये जब तक पिता ही पहले उसे ना खींचे।" देखिए, यह मनुष्य का स्वभाव है कि वह परमेश्वर से भागे। और अब आप कहते हैं...

103 यह, यही है जो डिंग करता है, भाइयों आप जानते हैं, आप लोगों को प्रचार करना; उसी स्थिति में ना बने रहे जिसमें कि आप चल रहे थे अब बदल जाए! जैसा मैं कहता हूं, मेरी सुने **यहोवा यों कहता है**। मैंने कभी भी स्वयं को यह नहीं कहा, मैं नहीं हूं। परंतु आप मुझे अपना भविष्यवक्ता कहते हैं, या एक भविष्यवक्ता। संसार इसका विश्वास करता है, समस्त संसार में, करोड़ों और करोड़ों और करोड़ों लोग। मैं सीधे–सीधे और अप्रत्यक्ष ढंग से दस या—दस या एक करोड़ बीस लाख लोग, या अधिक से बोला हूं, सीधा–सीधा बोल रहा हूं। मैंने हजारों लाखों दर्शन देखें और चिन्ह और

आश्चर्य कर्म, और उनमें से एक भी कभी असफल नहीं हुआ। और यह ठीक बात है। उसने मुझे बातों को पहले ही बताया जो घटित होने में असफल नहीं रही ठीक वैसे ही। मैं इसके लिए किसी भी मनुष्य को परखने के लिए बुलाऊंगा। यह ठीक बात है। मैं भविष्यवक्ता होने का दावा नहीं करता, परंतु आप मेरी सुने।

104 **यहोवा यों कहता है**, यह सिद्ध प्रेम ही आपको उस स्थान में रखेगा, क्योंकि वहां केवल वही था। कोई अर्थ नहीं कितना पैसा, कितने ही धार्मिक प्रदर्शन, कितने ही भले कार्य आपने किए या आपने जो भी किया, उस दिन कुछ भी नहीं गिना जाएगा। यह सिद्ध प्रेम को लेगा। इसलिए आप जो भी करते हैं, आप हर चीज को एक ओर रख दें जब तक आप परमेश्वर के प्रेम से ना भर जाए जब तक कि आप उनसे प्रेम ना करें जो आप से घृणा करते हैं।

105 मैं बस, जैसा कि मैंने इस प्रातः कहा, मेरा रंग रूप सारा अनुग्रह से बना है। बहुत सारे लोग खते हैं, "अब, आप मेरी पीठ खुजा दो और मैं आपकी खुजा दूंगा। हां, तुम मेरे लिए कुछ कर दो मैं आपके लिए कुछ कर दूंगा।" यह अनुग्रह नहीं है। अनुग्रह वह है, यदि आपकी पीठ में खुजली लग रही है, जो भी हो मैं उसे खुजाऊंगा, भले ही आप मेरी खुजाओ या नहीं; आप मेरे मुंह पर चांटा मारो, और कहे "मेरी पीठ को आवश्यकता है... , या, खुजालाने की आवश्यकता है," मैं खुजा दूंगा। समझे? यही है, कुछ करें। मैं कार्यों में विश्वास नहीं करता। मैं प्रेम के कार्य में विश्वास करता हूं। कार्य—कार्य इस बात का प्रगटीकरण है कि अनुग्रह हुआ है। मैं अपनी पत्नी के प्रति इतनी सच्चाई से नहीं जीता हूं क्योंकि मैं विश्वास करता हूं कि वह मुझे तलाक दे देगी यदि मैंने ऐसा नहीं किया, मैं उसके प्रति इसलिए सच्चा हूं क्योंकि मैं उस से प्रेम करता हूं।

106 मैं सुसमाचार इसलिए नहीं प्रचार करता हूं क्योंकि मैं सोचता हूं कि नरक में चला जाऊंगा यदि नहीं किया तो, मैं सुसमाचार प्रचार करता हूं क्योंकि मैं उससे प्रेम करता हूं। निश्चय ही। आप सोचते हैं कि मैं उन तूफान भरे समुद्रो को पार करूंगा, और वे जहाज आगे पीछे झुक रहे हैं, और बिजली उसके आसपास चमकती है, और—और सब कुछ और किसी भी समय... और हर कोई चिल्ला रहा है, और "मरियम की जय" उस जहाज में चल रहा है, और सब कुछ? वे लोग अपनी रक्षक पेटियों में झूल रहे हैं,

और पायलेट कह रहा है, "पंद्रह मिनट और चलने के लिए इंधन है, नहीं जानते कि हम लोग कहां पर हैं।" क्या आप सोचते हैं कि मैं बस—बस करूंगा इसे करने में आनंद पाने के लिए? ओह! क्या आप सोचते हैं कि मैं वहां जंगलों में जाऊंगा जहां जर्मनी सिपाहियों को मेरे चारों ओर हर रात्रि *इस* प्रकार से हथियार रखने पड़े और मुझे सभा में अंदर और बाहर ले गए, जब तक पवित्र आत्मा ने आश्चर्यकर्म आरंभ नहीं कर दिए? साम्यवादीयो ने अपने रात्रि में देखने के यंत्रों को, एक मील दूर से मुझ पर गोली चलाने के लिए तैनात किया। क्या आप सोचते हैं मैं यह केवल इसे मजे लेने के लिए करूंगा? क्योंकि मुझ में कुछ है प्रेम करता है; यह लोग मनुष्य है जिनके लिए मसीह मरा। पौलुस ने कहा, "मेरी इच्छा यरूशलेम जाने की नहीं है, परंतु मैं वहां क्रूस पर चढ़ने को जा रहा हूं। मैं मरने के लिए जा रहा हूं। मैं वहां प्रभु के लिए मरने जा रहा हूं।" यह कुछ है, प्रेम जो आपको बाध्य करता है, वह आपको करता है। यह बिल्कुल ठीक बात है।

107 यदि मैं पैसों के लिए सुसमाचार प्रचार करूं, यदि यह नहीं होता, तो आज रात्रि मुझ पर बीस हजार डॉलर का कर्जा नहीं होता, मेरे ऊपर यह देनदारी ना होती। नहीं, श्रीमान। क्योंकि मैंने कुछ लाखो—मुझे कुछ लाखों दिए गए है। एक मनुष्य, एक मनुष्य ने एफ बी आई का एजेंट भेजा दस लाख पचास हज़ार डॉलर ड्राफ्ट के साथ। और मैंने कहा, "इसे वापस ले जाए।" पैसों के लिए नहीं! यह पैसा नहीं है। मैं पैसों के लिए सुसमाचार प्रचार नहीं करता। उसके लिए नहीं!

108 यह प्रेम के कारण। वह चीज जो मैं करना चाहता हूं, जब मैं अंतिम सांस को पर कर जाऊं, जो कि अब से पांच मिनट बाद हो सकती है, यह अब से दो घंटों के पश्चात हो सकती है, यह अब से पचास वर्षों बाद हो सकती है, मैं नहीं जानता यह कब होगा। परंतु जब यह होता है, मैं वहां पहुंचता हूं, मैं आपको वहां देखना चाहता हूं, शानदार युवा दौड़ रहे हैं, आनंद से चिल्ला रहे हैं, "मेरा प्रिय भाई! मेरा भाई!" यही मेरे ह्रदय में है। इसी कारण। मैं आपसे असहमत होने का यत्न नहीं करता कि भिन्न बनू—बनू परंतु मैं आपको मार्ग पर लाने का यत्न करता हूं यह ठीक बात है। यह भीतर का मार्ग है। आपकी कलीसिया नहीं, आपका नामधारी नहीं, परंतु आपका मसीह में जन्म। ओह, प्रभु! व्यूह!

उसी में... जिसमें हम भी... उसी की मनसा से जो अपनी इच्छा

के मत के अनुसार सब कुछ करता है पहिले से ठहराए जाकर मीरास बने:

109 सुनिए। हम अब कुछ मिनटों में बंद करने जा रहे है। ध्यान से सुनिए अब इसके पहले हम बंद करें।

जिन्होंने पहिले से मसीह पर आशा रखी थी, उसकी महिमा *की स्तुति के कारण हो।*

जिस में तुमने विश्वास भी किया,...

110 अब इसे ध्यान से देखें, अपने जोमा ले ले, सुसमाचार के वस्त्र। अपने कानों को खुला रखें, ध्यान से सुने। मैं 13वे पद पर हूं।

जिस पर तुमने विश्वास किया, जब तुमने सत्य का वचन सुना...

"विश्वास किसके द्वारा आता है... " [सभा, "सुनने के द्वारा।"—सम्पा।] "सुनना... " ["वचन।"] "वचन... " ["परमेश्वर का।"]

... *जब* तुमने *सत्य का वचन सुना,...*

111 सत्य क्या है? परमेश्वर का वचन। क्या यह ठीक है? यहुन्ना 17:17, आप जो वचन लिख रहे हैं, यीशु ने कहा, "पिता, उन्हें सत्य से पवित्र कर। तेरा वचन सत्य है।"

... *जब...* तुमने *सत्य... का वचन सुना, जो तुम्हारे उद्धार का सुसमाचार है:...*

112 उद्धार क्या था वह जो तुम्हें बताने का यत्न कर रहा था? पृथ्वी के रचने से पहले ठहराया जाना (क्या यह ठीक है?), पुत्रों को लेपालक पद, अनंत जीवन के लिए, पहले से ठहराए गए। अब, अनंत जीवन में आने के पश्चात, आपके बचाए जाने के, पवित्र किए जाने के, पवित्र आत्मा से भरे जाने के पश्चात, आप पुत्र है। अब परमेश्वर आपको यही स्थान पर रखना चाहता है, ओह, ताकि आप उसके राज्य के लिए कार्य कर सके और उसकी महिमा के लिए।

113 यही सुसमाचार है। ऐसा हुआ, पहले, वचन सुना, "प्राश्चित करो, और पापों के क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लो।" प्रभु यीशु मसीह का नाम लेने से, आपके सारे पाप दूर हट जाते हैं, उस प्रतिज्ञा के देश के लिए। तुम हर परदेसी के लिए जो अपने मार्ग पर है यह प्रतिज्ञा है।

यदि आज रात्रि आप अपना घर छोड़ दे, एक पापी कह रहा है, “मैं ब्रंहम आराधनालय में जाऊंगा,” आज रात्रि परमेश्वर आपको सुअवसर देता है। आपके और प्रतिज्ञा के देश के मध्य में एक चीज है। प्रतिज्ञा का देश क्या है? पवित्र आत्मा। यहोशु और प्रतिज्ञा के देश के मध्य में क्या था यर्दन थी। बिल्कुल ठीक।

114 मूसा, मसीह का प्रतिछाया, बालकों का को प्रतिज्ञा के देश तक ले गया, तब मूसा बालकों को प्रतिज्ञा के देश के भीतर नहीं ले गया। यहोशू भीतर ले गया और भूमि का बंटवारा किया। यीशु ने मूल्य चुकाया, पवित्र आत्मा तक अगुवाई करके ले गया। परमेश्वर ने पवित्र आत्मा को नीचे भेजा और उसने कलीसिया को सही स्थान पर व्यवस्थित किया, प्रत्येक मनुष्य, उसे अपने उपस्थित जीवन से भर रहा है। आप देखिए मेरा क्या अर्थ है? सब मसीह यीशु में, कैसे परमेश्वर ने इसे पहले से ठहराया इस सुसमाचार की बुलाहट से!

115 पौलुस ने, गलतियो 1:8 में, कहा, “यदि कोई स्वर्गदूत भी आकर कुछ और प्रचार करें, तो वह शापित ठहरे।” सुसमाचार का सत्य। अब जैसे कि हम पढ़ रहे हैं, अब ध्यानपूर्वक सुने, पद को समाप्त कर रहे है।

> ... *तुम्हारे उद्धार का सुसमाचार: जिसमें कि तुमने भी...* (ध्यान से सुने।)... *जिस पर तुमने विश्वास किया, प्रतिज्ञा किए हुए पवित्र आत्मा की छाप लगी,*

116 बाईबल ने कहा कि, अंतिम दिनों में, अब ध्यान दें, अन्त के दिनों में, दो प्रकार के लोग होंगे। उनमें से एक जिन पर परमेश्वर की मोहर होगी, और दूसरे पशु की छाप वाले लोग। क्या यह ठीक बात है? कितने यह जानते हैं? अच्छा, यदि परमेश्वर की मोहर मोहर है... यदि परमेश्वर की मोहर पवित्र आत्मा है, तो फिर बिना पवित्र आत्मा के पशु की छाप है। और बाईबल ने कहा कि दोनों आत्माएं इतनी समानता में होंगी कि यह चुने हुओं को भी भरवा दें यदि यह सम्भव होता। यह कभी नहीं करेगा, क्योंकि वे अनंत जीवन के लिए चुने हुए हैं। समझे?

117 कलीसिया जा रही है, जिस प्रकार जानते हैं वहां दस कुवारियां थी जो प्रभु से मिलने के लिए गई, सारी पवित्र की गई, सारी पवित्र, उनमें से प्रत्येक पवित्र की गई थी। पांच विलम्बकारी और उनके चिराग बुझ गए। पांच के पास तेल था उनके चिरागों में। “और, देखो दूल्हा आ रहा है!”

और पांच जिनके पास उनके चिराग दानों में तेल था विवाह के भोज में चली गई। और दूसरी बाहर रह गई वे रो रही थी और विलाप कर रही थी और दांत पीस रही थी। तैयार रहें, क्योंकि आप नहीं जानते कि प्रभु किस मिनट में आ रहा है। क्या... और बाईबल में तेल किस को दर्शाता है? पवित्र आत्मा को।

118 अब आज आपको, आप सेवंथ डे एड्वेंटिस्ट भाइयों जो कहते हैं सातवां दिन परमेश्वर की मोहर है, इसे सिद्ध करने के लिए एक भी वचन लाए। बाईबल ने कहा कि परमेश्वर की मोहर पवित्र आत्मा है। इस पर ध्यान दें। "जो कि... " अब 13वे पद पर ध्यान दें।

... जिस पर तुमने विश्वास किया, तुम पर प्रतिज्ञा की पवित्र आत्मा की—की छाप लगी।

119 इफिसियों 4:30 निकाले, मैं विश्वास करता हूं कि यही है। देखिए यदि हम 4:30 नहीं निकालते, देखिए यदि यह वैसा ही नहीं है। इफिसियों, का चौथा अध्याय और तीसवां पद। हां, यह यही है, 4:30।

और परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित ना करो, जिसमें कि तुम पर छुटकारे के दिन के लिए छाप ली गयी।

120 कितने समय के लिए? जब आप वास्तविक, वास्तव में पवित्र आत्मा पाते हैं, यह कितने समय तक आपके साथ है? अगली बेदारी तक, जब तक, दादी आपके मार्ग को पार नहीं करती, जब तक आपका स्वामी आप पर नहीं चिल्लाता? जब तक आपका छुटकारे का दिन नहीं आता! हाल्लेलुय्या!

121 जब तुम मर गए, जब तक तुम उस देश में पहुंच गए, जहां तक तुम अपने प्रिय जनों के साथ खड़े हो, आप अब भी पवित्र आत्मा से भरे हुए हैं। पवित्र वचन! आप वैसे ही है जैसे आप अब है, केवल आपको एक... आप दूसरी देह में चले गए हैं। आपने केवल घर बदले हैं। यह वाला पुराना हो गया है, अब आप उस पर और अधिक तख्ते नहीं जड़ सकते, कड़ियां गल गई है। यह ठीक बात है। इसलिए आप केवल पुरानी चीज को छोड़ सकते हैं और उसे नीचे सड़ने दे, और नए वाले में चले जायें। क्या यह ठीक बात है? "क्योंकि यदि यह पृथ्वी का सा डेरा गिराया जाएगा, तो हमारे पास एक है जो प्रतीक्षा कर रहा है।"

122 आपको स्मरण होगा कि, उस दिन हमने इसे देखा था? जब एक छोटा बालक अपने मां के गर्भ में बनता है, और यह छोटी–छोटी मांसपेशियां उछलती कूदती है और बढ़ती है। परंतु जैसे ही मां बालक को जन्म देती है और बालक पृथ्वी पर आता है, तो पहली चीज, वहां आत्मिक देह हैं जो उस छोटी शारीरिक देह को पकड़ती है। संभवतः और डॉक्टर उसे एक देता है... [भाई ब्रंहम हाथ से ताली बजाते है—सम्पा।] *इस* प्रकार से, या इसे कुछ हिलाते हैं, और "वाहह, वाहह, वाहह!" और यह तुरंत ही मां की छाती की ओर बढ़ता है, "उम, उम, उम," अपने छोटे से सिर को ऊपर और नीचे हिलाता है मां कि छाती पर, कि दूध की नसें दूध को लाए।

123 एक छोटा बछड़ा, जैसे ही वह अपनी मां से जन्म लेता है, वह थोड़ी देर बाद अपने छोटे–छोटे पैरो पर खड़ा होता है। यह क्या करेगा? सीधा पीछे की ओर घूमेगा अपनी मां को पकड़ेगा, और अपने छोटे सिर को ऊपर नीचे करना आरंभ करेगा इस प्रकार से, और अपना दूध पाता है। हाल्लेलुय्या! जी हां, श्रीमान।

124 जब यह शारीरिक देह उसमें आती है, तो वहां आत्मिक देह इसकी प्रतीक्षा करती है।

125 और जब यह शारिरिक देह पृथ्वी पर गिरती, हाल्लेलुय्या, तो वहां सामने एक प्रतीक्षा कर रही है! हम केवल एक में से दूसरे में जाते हैं, हम अपने निवास स्थान बदलते हैं। यह मरनहार को पहन लेता है, यह आत्मिक; यह नाशवान अविनाशी को पहन लेता है। यह बूढ़ा झुर्रीदार सुकड़ी हुई, झुकी हुई देह, परंतु यह अपने, अपने रूप को बिल्कुल नहीं बदलेगी, मेरा अर्थ जब यह वहां पहुंचती है, तब भी आप में वह वही आत्मा रहेगी।

126 मैं आपको छोटा कुछ बताऊं जो आपको घुमाता है, परंतु यह बाईबल है, तब फिर मैं आपको एक और दूंगा जो कि आपको वापस लाता है। इस पर ध्यान दें। जब बूढ़ा शाऊल वह—वह राजा वह—वह पुराना, बड़ा पुराना नामधारी प्रचारक उस समय वहां था, आप जानते हैं, जिसका सिर और कंधा सबसे ऊपर था, और वे डरे हुए थे, वे उस अलौकिक के विषय में कुछ नहीं जानते थे। दाऊद को आना पड़ा और मेमने को सिंह के मुंह से छुड़ाया, गोलियात को मारा। उस पर ध्यान दे। वह परमेश्वर से इतना पीछे हट गया था, कि वह इस पवित्र शोर मचाने वाले प्रचारक से घृणा

करने लगा। और बजाए उसके पक्ष में होने के, कि उसकी सहायता करने का यत्न करें, वह उसके विरोध में हो गया। यदि ठीक, यही चित्र नहीं है, सही चित्र! उस से अलग हो गया!

127 कितने आप में से यहां पर थे जब मैं अपने पहेली यात्रा पर निकला, और प्रचार किया, “दाऊद का गोलियात को घात करना, ” जब मैंने छोड़ा? बहुत से, जो पुराने वाले हैं। मैं इसी पर फिर से जाने के तैयार हूं। स्मरण रखें क्या, देखिए पिछले रविवार को आया? यह किसी और क्षेत्र में चल रहा है। दाऊद का दूसरा अभियान, उसकी सेवकाई का दूसरा चरण। यह बिल्कुल ठीक बात है। जो कि तब वह इस्राएल के ऊपर राजा हो गया। ध्यान दें सेवकाई अब बड़े चरण में बढ़ रही है, बढ़कर आ रही है। ऐसे ही दाऊद ने किया। जैसे वह आता है मैंने इस पर ध्यान दिया, दाऊद, ओह, जब परमेश्वर ने दाऊद को वहां लाने के लिए लिया और सिंह को घात किया, ध्यान दें, और भालू को घात किया, तब फिलिस्तीनी को घात किया। अब, एक समय आया जब परमेश्वर ने इस पुराने लड़के पर प्रेत आत्मा छोड़ा। और... किसका? दाऊद से घृणा करें। और मैं विश्वास करता हूं...

128 अब, ये टेप। अब भाइयों सुनिए, आप जो इन टेपों पर है, यदि आप मुझसे सहमत है, तो मुझे क्षमा करें। देखिए, मैं आपसे प्रेम करता हूं। जो भी है मैं आपसे वहां मिलने वाला हूं, समझे, क्योंकि जो भी है यदि आप परमेश्वर के जन है तो मैं आपसे वहां मिलने जा रहा हूं। परंतु, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं, यहां वह कारण है: क्योंकि शाऊल ने दाऊद को देखा कि उसके पास कुछ ऐसा है जो कि उसके पास नहीं है। तब क्या हुआ?

129 एक छोटा पुराना “सुस्वस्थ, ” सुडौल बाईबल ने कहा वह “सुस्वस्थ” था। वह बहुत आकर्षक बालक नहीं था, “सुस्वस्थ” बस एक छोटा सुडौल प्रकार का एक लड़का। और वह वहां बाहर गया, और शाऊल, क्यों, उसने शाऊल के हथियार उस पर लाद दिए, और मैं कल्पना करता हूं कि ढाल उसके पैरों तक आ रही थी। और उसने कहा कि, “इस सामान को मुझ पर से उतार दो। मेरे—मेरे पास... ” उन्होंने उसे डॉक्टर की डिग्री दी, एक पीएच.डी. या एल.एल.डी., या कुछ, आप जानते हैं। कैसे उसने कहा, “मैं इस सामग्री के विषय में कुछ नहीं जानता, क्योंकि मैं इसका अभ्यस्त नहीं

हूं। मेरे पास वही रहने दो, जो कि मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं।” जी हां, श्रीमान। उसने गोफन ली।

130 और पुत्रियों के कारण उन्होंने दाऊद को पागल बना दिया, कलीसियाओ, कलिसियाये गा रही थी, “शाऊल ने, हजारों को मार सकता है, परंतु दाऊद ने लाखों को मारा।”

131 तब वह द्वेष से भर गया, “ये वही पुराना यीशु नाम का सामान, इससे कुछ नहीं।” यह ठीक बात है। और परमेश्वर ने उसके साथ क्या किया? परमेश्वर ने उस पर एक प्रेत आत्मा भेजा, कि दाऊद से घृणा करें, और उसने बिना किसी कारण दाऊद से घृणा की।

132 कुछ एक बार दाऊद उसकी गर्दन मरोड़ सकता था। वह कर सकता था, परंतु उसने जाने दिया। उसने बस उसे कुछ नहीं कहा। वह निश्चय ही कर सकता था। उसने बढ़कर उसके बागे का छोर काट लिया, एक रात्रि, वापस आकर कहा, “इधर देख, आप देखते हैं!” जी हां, श्रीमान, वह कर सकता था, परंतु उसने उसे छोड़ दिया। वह उसकी भक्त मंडली को तोड़ सकता था और उन्हें छितरा देता, और स्वयं की संस्था आरंभ करता यदि वह चाहता था। परंतु उसने यह नहीं किया, उसने शाऊल को जाने दिया। परमेश्वर ही लड़े। जी हां, श्रीमान।

133 इसलिए जैसे ही बाहर आया और अभियान समाप्त हो गया, और ले लिया, कि प्रेतआत्मा ने इसे ऐसा पकड़ा कि शाऊल को परमेश्वर की ओर से उत्तर ना मिल सका। कुछ समय पश्चात वह… परमेश्वर का आत्मा है उसे छोड़कर चला गया। और बुढा शमुएल, जिसे उन्होंने त्याग दिया, वह जो वास्तव में परमेश्वर की आवाज था, उनके लिए वह जिसने उनसे कहा इसके पहले कि वे संसार के समान व्यवहार करते…

134 कैसे कलीसिया संसार के समान व्यवहार करना चाहती है? पेंटीकोस्टल क्यों बपतिस्मा देते हैं, पवित्र आत्मा का अनुभव मैथोडिस्ट, और बैपटिस्ट, और प्रेसबीटेरियन संसार के समान व्यवहार करना चाहते हैं? वे इसे क्यों करते हैं? मैं नहीं जानता। मैं—मैं इसे नहीं समझ सकता। आप कहते हैं, “ताश का खेल खेलने में आनंद आता है, बस थोड़ा सा, हंसी के लिए एक छोटा पैसे का दांव,” जो भी आप इसे कहते हैं। यह पाप है। आपको अपने घर में ऐसी चीजें नहीं रखनी चाहिए। “क्यों, बियर के एक छोटे गिलास से कोई हानि नहीं होती। हमारे यहां कुछ है। मैंने और मेरी

पत्नी के पास इस दोपहर पश्चात कुछ है।" और पहली बात आप जानते हैं, आपके बालकों के पास कुछ है। निश्चय ही है।

135 और आप महिलाओ, हुम्म, शैतान ने बस एक बनाया... आरंभ में उसने यही किया, और निश्चय आप ही में से बहनों उसने किसी को निशान बनाया। वह बस करता है ताकि... क्योंकि वह जानता है कि वह क्या कर सकता है। वह महिला को हजार गुना अधिक जल्द ही धोखा दे सकता है बजाए पुरुष के। मैं जानता हूं कि इससे आपकी भावना को आघात पहुंचता है, परंतु यह सत्य है। यह सही है। अदन की वाटिका में उसने यही किया था। वह बना सकता है... अब, वह ईमानदार थी, वह निष्कपट थी, परंतु उसे धोखा दिया गया। "आदम में धोखा नहीं खाया," बाईबल ने कहा। वह धोखे में नहीं आया, परंतु वह धोखे में आई थी। इसलिए वह उसे धोखा दे सकता है। और फिर भी पास्टर जाकर महिला प्रचारकों को अभिषेक करते हैं, भक्तगणों पर इस प्रकार अधिकारी ठहराते हैं, और यह बाईबल उत्पत्ति से प्रकाशितवाक्य तक इसे दोषी ठहराती हैं। आप कहते हैं, "भाई, यह ठीक है। यह ठीक है। उनके पास... वे ठीक वैसे ही प्रचार कर सकती है।" मैं जानता हूं कि यह ठीक है।

136 जैसे कि एक बार एक अन्य-अन्य भाषा बोलने लगी, मैं प्रचार करता रहा, और जब मैं बाहर आया...

एक महिला ने मेरे पुत्र से कहा, "कल आने वाली रात्रि के लिए मेरे पास संदेश है," कहा, "जब तुम्हारे पिता प्रचार मंच पर आते हैं।"

कहा, "अच्छा, श्रीमती जी, आपका क्या अर्थ है? "

137 और उस रात्रि जब मैं तैयार हो गया, जब मैं वेदी की बुलाहट के लिए निश्चित हुआ, उसने बाल ऊपर को बांधे और अपने मोज़े ऊपर को खींचे और सब कुछ, तैयार हो गई, और बीच में कूद पड़ी और ऊपर नीचे कूदने लगी, अन्य-अन्य भाषा में बोलने और अनुवाद करने लगी। मैं प्रचार करता रहा, और वेदी पर आने की बुलाहट करता रहा। भाई मैंने उस पर कभी भी जरा सा भी ध्यान नहीं दिया, यह ठीक नहीं था। इसलिए तब, तो ठीक है, बाईबल ने नहीं कहा, "वो—वो भविष्यवक्ता की आत्मा भविष्यवक्ता के वश में होती है।" परमेश्वर... परमेश्वर मंच पर बोल रहा था, उसे बोलने दो। पौलुस ने कहा, "यदि किसी को कुछ प्रकाशित हुआ, तो जब तक दूसरा समाप्त ना कर ले वह शांत रहे।" यह ठीक बात है।

138 अब, फिर जब मैं बाहर आया, तो इन लोगों ने कहा, इन ढेर सारे लोगों ने कहा, "आज रात्रि आपने पवित्र आत्मा को शोकित किया है।"

मैंने कहा, "क्या कर रहा है? मैं क्या करता? "

139 कहा, "ठीक, जब उस बहन ने वह संदेश दिया, हाल्लेलुय्या," कहा, "वह।"

"क्यों," मैंने कहा, "मैं प्रचार कर रहा था। वह क्रम बद्धता से अलग थी।"

140 "ओह," कहा, "वह सिहांसन से बिल्कुल ताजा था। वह जो आप प्रचार कर रहे थे उससे ताजा था।" ओह!

141 अब, केवल यह दर्शाता है... दर्शाता है या तो यह, और मैं यह कहता कि आपका सम्मान, या फिर मूर्खता, या अनादर, या अनपढ़ों की शिक्षा जो परमेश्वर के विषय में अधिक नहीं जानते उस खरगोश से जो बर्फ के जूतों को जानता हो। अब, मैं, यह नहीं कहता कि एक—एक मूर्खतापूर्ण टिप्पणी हो, क्योंकि यह उपवास करने का स्थान नहीं है। परंतु यह—यह बिल्कुल सत्य है। एक व्यक्ति जो यह जानता होगा कि परमेश्वर भ्रम का रचने वाला नहीं है। वह एक शान्ती है। बाईबल वे नहीं जानते। वह जो जानते हैं कि ऊपर नीचे कूदना और अन्य-अन्य भाषाएं बोलना, कहते हैं, "मुझे पवित्र आत्मा मिला है। हाल्लेलुय्या!"

142 मैंने खड़े होकर, अफ्रीका में देखा है, भूतसिद्ध वाले और एक समय में है, पांच हजारों के द्वारा बातें बोली जाती है; ऊपर नीचे कूद रहे हैं, उनके पूरे मूख पर लहू है, भाषाओं में बोल रहे हैं, और मनुष्य के कपाल से लहू पीते हैं; शैतान को बुलाते हैं, और अन्य-अन्य भाषाओं में बोलते हैं।

143 और फिर भी अन्य भाषा में बोलना परमेश्वर का वरदान है, परंतु यह पवित्र आत्मा का पक्का प्रमाण नहीं है। मैं अब आपको बताता हूं। मैं विश्वास करता हूं कि सारे प्रेरणा से युक्त संत भाषा में बोलते हैं। मैं विश्वास करता हूं कभी-कभी एक मनुष्य परमेश्वर से इतना प्रेरित हो जाता है कि जब तक आप अन्य भाषा में बोलने लगते है। मैं विश्वास करता हूं। परंतु मैं यह विश्वास नहीं करता कि कोई भी चिन्ह जो आपके पास है पवित्र आत्मा है। जी हां, श्रीमान। मैं विश्वास करता हूं कि एक समय होता है जब आप में विश्वास होता है, एक व्यक्ति के पास आप सीधे जाते हैं और उस छोटे बालक पर हाथ रखते हैं जिसे कैंसर हैं, जबकि पचासों प्रचारक प्रार्थना

कर चुके हैं, और वह चंगा हो जाएगा क्योंकि उस मां में उस बालक की चंगाई के लिए विश्वास है। परमेश्वर यह उसे देता है, वह मसीह की देह की सदस्य हैं। जी हां, श्रीमान। मैं इसका विश्वास किया है। मैंने यह होते हुए देखा है और मैं जानता हूं कि यह सत्य है। परंतु यह क्या है, कलीसिया को व्यवस्थित करना, व्यवस्थित करना ताकि हम कार्य कर सके।

144 अब हम बाकी पद को समाप्त करें इसके पहले कि हम जाएं।

> *... जब तुमने सत्य का वचन* सुना, *प्रतिज्ञा किए हुए प्रतिज्ञा आत्मा की छाप लगी।*

145 "मोहर!" मोहर क्या है? मोहर क्या है? मोहर, वह पहली चीज है जो यह दर्शाती है कि एक कार्य समाप्त हो गया है, पूरा किया गया कार्य। अगली चीज यह स्वामित्व को दर्शाता है। और अगली चीज यह सुरक्षा को दर्शाता है, इसे बनाए रखता है।

146 उदाहरण के लिए कहूं, मैं पेनसिलवेनिया रेल रोड के लिए कार्य किया करता था, मैं अपने पिता के साथ रेल रोड में कार्य किया करता था। हम वाहनों पर लादान करते थे। और हम यहां इस पैकिंग कंपनी में थे, हम टीन के बक्सों में डालते थे, और कुछ को *यहां* रखते कुछ को *वहां* रख रखते, कुछ इस, ओर कुछ *उस* ओर। परंतु इसके पहले वह वाहन मोहर बंद हो, तो वहां निरीक्षक आता, और वह उस पर धक्का लगाता, *इस* वाले को धक्का लगा कर सरकाता *उसे* हिलाता। "आह! इसे निराकृत करो! वे इसे वहां पहुंचने से पहले सब टुकड़े–टुकड़े कर देंगे। इसे निराकृत करो! इन्हें बाहर निकालो। इसे फिर करो।" निरीक्षक वाहन बॉक्स को निरस्त कर देता।

147 पवित्र आत्मा निरीक्षक है। वहां आपको थोड़ा सा हिलाता है, और आप बडबडाते हैं। "क्या आप परमेश्वर के समस्त वचन का विश्वास करते हैं? "

"मैं यीशु के उस पुराने नाम पर विश्वास नहीं करता।"

"इसे निराकृत करो। आप बडबडाते हैं।"

"देखिए मैं दिव्य चंगाई में विश्वास नहीं करता या इस प्रकार की बात में।"

"अब भी बड़बड़ा रहा है। उन्हें बाहर निकालो।"

"क्या विश्वास करते हैं, कि यीशु मसीह कल... ? "

"अच्छा, एक प्रकार से।"

"अब बकबक करते हैं। इसे बाहर निकाले, देखा, यह अब भी तैयार नहीं है।" जी हां, श्रीमान।

148 भाई, जब यह "आमीन!" कहने के लिए तैयार है

"क्या तुमने पवित्र आत्मा पाया? "

"आमीन!"

"क्या सारी चीजें पूर्ण हो चुकी है? "

"आमीन।" तब निरीक्षक क्या करता है? हर चीज भली भांति और पक्की है, सुसमाचार से भरी हुई। ओह, परमेश्वर का प्रत्येक वचन भला है। सारी चीजें सिद्ध है। "मैं प्रत्येक वचन का विश्वास करता हूं। आमीन! आमीन! आमीन!"

"क्या आप विश्वास करते है कि परमेश्वर अब भी चंगा करता है? "

"आमीन।"

"क्या आप विश्वास करते है, कि यीशु कल और सदा एक सा है? "

"आमीन।"

"क्या आप विश्वास हैं कि पवित्र आत्मा वैसे ही वास्तविक है जैसे ये कभी था? "

"आमीन।"

"क्या आप विश्वास करते है कि वही आत्मा जो पौलुस पर आया, हम पर भी आया? "

"आमीन।"

"क्या विश्वास करते हैं कि यह हम पर वही कार्य करता है, जो उन पर किया? "

"आमीन।" ओह, ओह, अब वह कस रही है। देखिए, अब कस रही है, हम द्वार बंद करने को तैयार है। ठीक है।

149 तब निरीक्षक द्वार को बंद करता है। वह क्या करता है? वह उस पर मोहर लगाता है। तब वह यहां उतरता है और इस छोटी–छोटी सभा को पकड़ता है, और इस छोटी सी वस्तु पर पहुंचता है और इसे मोहर बंद करता है। अच्छा हो कि आप इसे ना तोड़े। और यदि वे, वाहन के ऊपर

लदने वाले बड़े बॉक्स का, उसका गंतव्य स्थान बोस्टन है, यह तोड़ा नहीं जा सकता। इस मोहर को जब तक वह बोस्टन ना पहुंचे आपत्तिजनक दंडनीय अपराध है। और वह व्यक्ति जिसे अधिकार है इस मोहर को तोड़ सकता है, और केवल वही। यह ठीक बात है। यह *अमूक-अमूक* निश्चित रेल रोड कंपनी का है। यह उनकी मोहर है। यह उनका बीमा है कि यह वाहन मोहर बंद किया गया है, यह वाहन तैयार है। यह उनका है। वे "बी एंड ओ" पर "पेनसिलवेनिया" नहीं लिख सकते। आपको मोहर बंद होना है, और जब यह मोहर लग गई।

150 और जब मसीही सुसमाचार से भर गया, परमेश्वर की भलाई से परिपूर्ण हो गया, परमेश्वर की सारी भली वस्तुयें उसके खुले ह्रदय में रखी है, कार्य के लिए तैयार, उपयुक्त स्थान पर रखे जाने को तैयार है, पवित्र आत्मा जो उससे करने को कहता है वह उसे करने को तैयार है, मृत्यु से पार होकर जीवन में प्रवेश कर गया, संसार की सारी चीजों से पवित्र हो गया, जैसे ही ज्योति उसके पास आती है ज्योति में चलता है, बढ़ रहा है वह तैयार है। तब परमेश्वर उसके पीछे से संसार का द्वार बंद कर देता है, और इस प्रकार से एक साथ लात मारता है, और उसे प्रतिज्ञा के पवित्र आत्मा से मोहर बन्द करता है। हाल्लेलुय्या! कब तक? जब तक वह गन्तव्य स्थान नहीं आता। इसे रेल रोड के मार्ग से अलग कर और इसे ना तोड़ कर ना खोले और देखें यदि सारी चीजें ठीक है फिर से। यह ठीक है, इसे हद और दे। निरीक्षक ने इसका निरीक्षण कर लिया है। आप कब तक के लिए मोहर बन्द है? आपके छुटकारे के दिन तक के लिए। आप वहां तक के लिए मोहर बंद है।

151 "ठीक है, जब आप मरते हैं, तब, भाई ब्रंहम, आपके मरने के पश्चात के विषय में क्या है, आपने कहा कि आपके पास अब भी है? " आपके पास यह सदा के लिए है। जीवन कहां से आरम्भ होता है? वेदी पर से। ठीक वहां आप एक छोटी सा प्रतिबिंब देखते हैं। वह प्रतिबिंब है, पवित्र आत्मा की छाप है। उस समय यह छाया की छाया की छाया है, जैसा कि मैंने उस दिन कहा। परंतु जब आप मरते हैं, तो आप उन छायो में चलते रहते हैं जब तक की आप नमी में नहीं पहुंच जाते, नमी से एक छोटे टपकने वाले सोते पर, सोते से छोटी खाड़ी में और एक छोटी खाड़ी से नदी, एक नदी से सागर, देखिए, परमेश्वर का प्रेम। आप बस वही व्यक्ति है।

152 उधर देखिए। बूढ़ा शाऊल, पुराना पिछड़ा हुआ, वह परमेश्वर के समीप से नहीं जा सकता तो भी वो नष्ट नहीं था। वह निश्चय ही वह नहीं था। वह एक भविष्यवक्ता था, परंतु वह केवल परमेश्वर से अलग था। भाइयों यही कारण है, मैंने कहा, "आप नष्ट नहीं है।" इसलिए तब स्मरण रखे, वह केवल परमेश्वर की इच्छा के बाहर था, इसलिए तब पहली बात आप जानते हैं, वह—वह सहमत नहीं होगा। अब, हो सकता है मुझे यह नहीं कहना चाहिए था। ठीक है, मैं एक आनंदित भक्त मंडली के लिए आज रात्रि बढ़ रहा हूं। इसलिए तब, आप जानते हैं, और पहली बात आप जानते है, ओह, प्रभु, तब... उस—उस ऊरीम और तुम्मीम के पास गए।

153 आप जानते हैं ऊरीम और तुम्मीम क्या था, यह छाती पर बांधने का बंधन था, वह एमोद जिसे—जिसे हारून ने पहना। यह सदा, परमेश्वर सदा एक अलौकिक परमेश्वर रहा है अलौकिक विधियों से उत्तर दे रहा है। और जब एक भविष्यवक्ता ने भविष्यवाणी की, और वे रहस्यवादी ज्योति ऊरीम तुम्मीम से नही निकली, तो वह गलत था। जब एक स्वप्न देखने वाला एक स्वप्न बताता है और उससे ऊरीम तुम्मीम ने चमक नहीं दी, मैं चिंता नहीं करता कि सुनने में यह कितना भला प्रतीत होता है, यह गलत था। यह ठीक बात है।

154 और मैं चिंता नहीं करता कि कितनी डॉक्टरों की डिग्रियां आपके पास है और आपकी संस्था कितनी बड़ी है, जब आप भविष्यवाणी या प्रचार करते हैं, यह इस वचन के अनुसार नहीं है, भाई, आप गलत है। आप... यह परमेश्वर का ऊरीम तुम्मीम है। जब आप कहते है आप संसार के रचने के पहले चुने नहीं गए, तो वह नहीं चमकेंगे, क्योंकि बाईबल कहती है कि आप थे। जब आप यह कहते हैं कि आपको "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा," के नाम से बपतिस्मा लेना चाहिए तो यह नहीं चमकता, क्योंकि बाईबल में किसी का भी बपतिस्मा इस प्रकार नहीं हुआ। केवल प्रभु यीशु के नाम में। यह नहीं चमकेगा। इसलिए कहीं पर कोई गड़बड़ है।

155 इसलिए पुराने शाऊल को ऊरीम और तुम्मीम नहीं देंगे, और वह स्वप्न भी नहीं देख सकेगा। वह इतनी दूर निकल गया यहां तक कि स्वप्न भी नहीं पा सकता। इसलिए आप जानते हैं कि उसने क्या किया? वह भूत सिद्धी वाली के पास गया, वहां एक पुरानी भूत सिद्धी वाली, वो पुराना शैतान

ओझा वहां था, वो ओझा। और उसने कहा, "क्या आप शकुन निकाल सकती है?"

156 उसने कहा, "हां, परंतु शाऊल ने कहा कि वह हर भूत सिद्धी वाले को मार डालेगा।"

157 उसने कहा, "मैं तुझे बचा लुंगा," साधारण व्यक्ति जैसी वेशभूषा थी। उसने कहा, "मेरे लिए भूत सिद्धी कार्य कर और मुझे मृत संसार में से बुलावा दे जो वहां पर चले गए है।" अब इसे सुनिए। "मेरे पास शमुएल भविष्यवक्ता की आत्मा को बुलवा दे।"

158 और वह दिव्य में—में चली गई। और, जब उसने किया, वह मुंह के बल गिर गई, उसने कहा, "मैं देवताओं को ऊपर आते देखती हूं।" देखिए, वह मूर्तिपूजक है, "देवताओं," उनमें से दो या तीन, जैसे पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा, या इसी प्रकार से, कुछ आप जानते है। उसने कहा—उसने कहा, "मैं देवताओं को ऊपर आते हुए देखती हूं।"

159 कहा, "उसका वर्णन कर। कि वह कैसा प्रतीत होता है? वह कैसा दिख पड़ता है?"

160 कहा, "वह दुबला पतला है और उसके कंधों पर पड़ा हुआ है।" वह जरा भी नहीं बदला।

161 उसने कहा, "यह शमुएल है। उसे इस कमरे में बुला ले, यहां मेरे सामने।"

162 और ध्यान दें जब शमुएल शाऊल के सामने, उसने कहा, "तूने मुझे क्यों बुलाया, और परमेश्वर का शत्रु हो गया?" और ध्यान दें। वह अब भी केवल शमुएल ही नहीं, परंतु अब भी भविष्यवाणी की आत्मा है। कहिए यह गलत है, हर कोई कहे यह गलत है। यह सत्य है! वह अब भी भविष्यवक्ता था। क्योंकि उसने कहा, उसने भविष्यवक्ता की और कहा, "कल युद्ध तेरे विरुद्ध है, और तू और तेरे लड़के कल युद्ध में मारे जाएंगे, और कल इस समय रात्रि में तू मेरे साथ होगा।" क्या यह ठीक बात है? वह अब भी भविष्यव्यक्ता है!

अब आप कहते हैं, "ओह, परंतु यह तो भूत सिद्धी करने वाली ने किया।"

163 ठीक है, मैं आपको बताऊंगा एक जो भूत सिद्धी वाला नहीं था। यीशु ने एक बार पतरस, याकूब और यूहन्ना को लिया, और रूपांतरण वाले पर्वत पर चला गया, और पर्वत की चोटी पर खड़ा था। और, यीशु, परमेश्वर अपने पुत्र कार्य को यथा स्थान पर रख रहा था; जैसे कि मैं यह करने का यत्न कर रहा हूं... उस रात्रि पुत्र को स्थान पर स्थापित करना। और जब उन्होंने किया, उन्होंने चारों ओर देखा और पाया कि वहां मूसा और एलिय्याह खड़े हैं। वे बातें कर रहे थे, सहभागिता। छोटा सफेद झंडा आसपास नहीं लहरा रहा था, या छोटे सफेद बादल, आस पास मंडरा रहे थे। परंतु वे व्यक्ति थे, बात कर रहे थे। मूसा चिह्नित ना होने वाली कब्र में आठ सौ वर्षों पहले गाडा गया था। और एलिय्याह रथ पर सवार होकर, पांच सौ वर्षों पहले घर चला गया था। और यहां दोनों उसके सामने खड़े हुए बातें कर रहे थे, उतने ही जीवित जितने वे कभी जीवित थे, वहां खड़े हुए उससे बातें कर रहे थे इसके पहले कि वह कलवरी पर गया। हाल्लेलुय्या! "हमारे छुटकारे के दिन तक के लिए मोहर दी गई है!"

164 मैं जल्दी–जल्दी करूंगा, तब हम बंद करेंगे क्योंकि देर हो गई है, और हम बीमारों के लिए प्रार्थना करेंगे, और लगभग पांच मिनट। और 14वा पद पढ़िए, मुझे 13वे पद से पढ़ने दे, समझे, भूमिका।

जब तुमने सत्य का वचन सुना... जो तुम्हारी उद्धार का सुसमाचार है और जिस पर तुमने विश्वास किया:...

165 अब स्मरण रखें, उनके पास कौन सा उद्धार था? ये लोग—ये लोग इफिसुस के मसीही थे। वे अब देखिए, क्या आपने कुरिन्थियों पर ध्यान दिया? उसे सदा उन्हें बताना पड़ता था, "जब मैं तुम्हारे मध्य में आता हूं तो एक के पास भाषा है, एक के पास भाषा है, एक के पास भजन, एक के पास भविष्यवाणी, एक के पास... " देखिए, वह उन्हें कुछ नहीं सीखा सका, क्योंकि वे सदा *इसी* की इच्छा करते थे, *ये* या *वह*। इन लोगों में सही बात थी, परंतु उनके पास व्यवस्थित रूप में थी। उसने कुरिन्थियों को इस प्रकार का कुछ नहीं सिखाया, वह नहीं सीखा सका, कलीसिया व्यवस्थित नहीं थी कि यह सिखाता। अब, वह इन लोगों को वास्तविक चीजे सिखा सकता था।

... जो कि, *तुम्हारे उद्धार का; जिस पर तुमने विश्वास किया... प्रतिज्ञा किए हुए पवित्र आत्मा की छाप लगी,*

वह उसके मोल लिए हुओं के... (मुझे इसे ना छोड़ने दे।)... *हमारी मीरास का बयाना है... वह उसके मोल लिए हुओं के छुटकारे के लिये, उसकी महिमा की स्तुति हो।*

व्यूह!

166 पवित्र आत्मा क्या है? अब, फिर मैं बाकी बचे हुए को जल्दी-जल्दी पढ़ूंगा यदि आप इतना और मेरे साथ रह सकेंगे। उस रात्रि हम लोग कहां पर थे, भाई माईक? जहां वे सब आनन्दित थे, और हर चीज शांत थी, वह सिद्ध प्रेम था। अब, हर बार आप *इस* मार्ग से आते हैं आप एक छोटी सी बूंद गिराते हैं। हर बार आप एक कदम उठाते हैं, आप कई इंचो समीप आ जाते हैं। जब यह पृथ्वी पर आता है, आप को एक छाया की छाया की छाया की छाया मिली है। अब, इतना पवित्र आत्मा आप में है। यह प्रेम है। परंतु, ओह, आपको किसी चीज की प्यास है।

167 ओह, लोग बूढ़े लोगों के समान, बूढ़े लोगों के... मैं वापस जाना कितना पसंद करता हूं और फिर से पंद्रह, बीस का हो जाऊं! ओह, मैं कुछ भी दे दूंगा। मेरा वह क्या भला करेगा? मैं पंद्रह का हो सकता हूं और आज रात्रि भी मर सकता हूं। यह अनिश्चित है। क्या होता यदि आज रात्रि आप पंद्रह के होते, आप कैसे जानते हैं कि जब आप रात्रि आप घर पहुंचते हैं, तो आपकी माता जीवित होगी, या नहीं? आप कैसे जानते हैं कि आप घर पहुंचेंगे? आप कैसे जानते हैं कि आप कल जीवित रहोगे यदि आप बारह वर्ष के हैं, बिल्कुल स्वस्थ? आप एक दुर्घटना में मारे जा सकते हैं, बिल्कुल मृत, आपको कुछ भी हो सकता है। अनिश्चित है, देखिए। यहां पर कुछ भी निश्चित नहीं है। परंतु आप उसकी प्रतीक्षा में है। यह क्या है? यह इतना है कि आपसे इसकी प्रतीक्षा करवा रहा है।

168 अब, आप इसमें जाएं, तब आपके पास अनंत जीवन है। अब यह क्या घटित होता है? यह एक "बयाना" है।

169 किसी भी चीज पर बयाना क्या है? यदि मैं आपके पास कार खरीदने आऊं, मैं कहता हूं, "यह कार कितने की है?"

170 आप कहते है, "यह कार, भाई ब्रंहम, आपको तीन हज़ार डॉलर की पड़ेगी।"

"बयाना क्या है?"

“अच्छा, मैं आपको पांच सौ डॉलर दे दूंगा।”

171 “ठीक है, यह रहे पांच सौ डॉलर बाकी। मैं—मैं ये आपको कभी और दूंगा, जितनी जल्दी मैं दे सकूंगा। आप कार रखें।” मैं आपको पांच सौ डॉलर देता हूं, यह बयाना है। यह ठीक बात है?

172 अब, इसे थाम ले, यह “बयाना,” है यह “नगद,” अभी का भुगतान है।”

> ... जब आप *पर प्रतिज्ञा किए हुए... पवित्र आत्मा की छाप लगी... प्रतिज्ञा की आत्मा,...* आप *पर छाप लगी...*
>
> *जो...*

क्या? प्रतिज्ञा की छाप क्या है, प्रतिज्ञा की आत्मा?

> *उसके मोल लिए हुओं के छुटकारे के लिए... हमारी मीरास का बयान है,...*

173 यह क्या है? यह बयाने का भुगतान है। और, भाई, ओह, ओह, ओह, ओह, ओह, प्रचारकों! यदि यह बयाने का भुगतान है, जब हम वहां पहुंचेंगे तो क्या होने जा रहा है! यह क्या होने जा रहा है? यदि यह है... यदि यह क्या हम अब आनंद करते हैं, और बहुत तब तक प्रसन्न है... मैंने नब्बे वर्षों की आयु को आते हुए देख चुका है...

174 मैंने एक बूढ़े प्रचारकों को देखा जो एक रात्रि उठा। वह बाहर आया, उसने कहा... *इस* प्रकार प्रचार मंच पर आया। और मैंने कहा, “यह बूढ़ा व्यक्ति प्रचार करने जा रहा है?”

175 उसने कहा, “अच्छा, धन्य है प्रभु।” एक बूढ़ा वाला व्यक्ति, लंबा बड़ा लंबा पुराना प्रचारक का कोट पहने हुए।

176 मैंने कहा, “उन्होंने उनमें से कुछ युवा प्रचारकों को क्यों नहीं प्रचार करने दिया? यह बूढ़ा व्यक्ति, यह कैसे प्रचार कर सकता है?”

177 उसने कहा, “अच्छा,” उसने कहा, “भाइयों,” उसने कहा, “आज मैं सुन रहा था कि भाइयों ने पूरे दिन प्रचार किया,” उसने कहा, “इस विषय में कि यीशु ने पृथ्वी पर क्या किया। मैं आपको बताने जा रहा हूं कि उसने स्वर्ग में क्या किया।” उसने कहा, “आज रात्रि मैं अपना मूल पाठ अय्यूब 7:27 में से लूंगा,” कहा, “जब यह पीछे वहां पृथ्वी के रचे जाने से पहले,” कहा, “जब उसने कहा भोर के तारो ने एक साथ मिलकर

गाया और आनंद से चिल्लाए।" उस प्रकार आरंभ किया। कहा, "आप यह जानते हैं वहां पीछे क्या कुछ घटित हुआ।" उसने कहा, "आप जानते हैं... " और स्वर्ग में क्या हुआ वह सामने लाने लगा। यह वह समानान्तर मेघधनुष दूसरे आगमन में नीचे ले आया। उस समय के विषय में, पवित्र आत्मा ने उसे छुआ। अब, उन्हें बूढ़े व्यक्ति की अगुवाई करनी पड़ी, वह लगभग पंचानवे वर्ष का था। वह बस *इस* प्रकार का था, सारा झुका हुआ, केवल छोटा सा बालों का घेरा, आप जानते हैं, *इस* प्रकार का। वहां पहुंच कर उसने प्रचार करना आरंभ किया, कहा "व्हूपी! हाल्लेलुय्या! महिमा!" और इस प्रकार से ऊपर नीचे कूद रहा था। कहा, "ओह, मेरे प्रचार करने के लिए आपके पास पर्याप्त स्थान नहीं है।" और धरातल से ऊपर उछला इस प्रकार से, जितना जोर से उछल सकता था। और यह केवल बयाना है। ओह!

178 पवित्र आत्मा क्या करता है? ओह, यहां अच्छा स्थान है, मुझे पढ़ने दे 1ला पद अगले अध्याय का। क्या मैं पढ़ सकता हूं? यह ठीक बात है? "आमीन।" कहे। [सभा कहती है, "आमीन!"—सम्पा।] ठीक है, पहला पद दूसरे अध्याय का, जल्दी से। सुने:

> तुम्हें, जिसे... तुम्हें... *और उसने तुम्हें भी जिलाया, जो अपने... अपराधों और पापों के कारण मरे हुए थे:*

179 "आपको उसने जिलाया।" *जिलाने* का क्या अर्थ है? "जीवित करना।" बस मृत होने ही वाला, परंतु उसने आपको जिलाया केवल उस बयाने के पैसे के द्वारा। यह क्या होगा जब आप—जब आप वास्तव में उस लाभांश को पा लेते हैं? ओह! कोई आश्चर्य नहीं कि पौलुस तीसरे स्वर्ग तक उठा लिया गया, कहा, "जो आंखों ने नहीं देखा; कानों ने नहीं सुना; ना ही मनुष्य के हृदय में समाया, वह है जो परमेश्वर ने अपने प्रेम करने वालों के लिए रखा है (भंडार में)।" यह क्या होगा! आप ना बता सकने वाले आनंद की बात करते हैं और महिमा से परिपूर्ण! व्यूह! हम्म! तुम जो एक समय पाप और अपराधों में मरे हुए थे उसने जिलाया उसने आपको छाया की छाया की छायाओ के द्वारा मिल कर जिलाया। यह क्या होने वाला है जब आप छाया की छाया की छाया में आते हैं, वह छाया एक खाड़ी में, खाड़ी नदी में, नदी सागर में?

180 और यह क्या है जब आप वहां पर छुटकारे में बिल्कुल, नई देह के साथ है, आप एक युवा मनुष्य में एक बार पूर्ण रूप से फिर बदल जाते हैं, या एक युवा महिला में, आप फिर कभी मरने नहीं जा रहे हैं? और आप पृथ्वी पर देखते हैं और सोचते हैं, “मैं कुछ अंगूरों का आनंद ले सकता हूं और कुछ अच्छे ठंडे पानी का, परंतु आप जानते हैं, मुझे यहाँ इसकी आवश्यकता नहीं है। परंतु किसी दिन यीशु आ रहा है, और यह स्वर्गीय देह, थीयोफनी जिसमें कि मैं जीवित हूं... ” अब स्त्री के गर्भ से नहीं आएगी, यह अब और शरीर की इच्छा के द्वारा नहीं आएगी; परंतु क्योंकि वह बिना शरीर की इच्छा से जन्मा है, मैं इसके बिना जिलाया जाऊंगा, और किसी दिन वह बोलेगा और जो मसीह में मरे हैं जी उठेंगे, और वह देह जिसमें मैं कभी एक समय रहा था महिमा युक्त देह में जी उठेगी, और मैं चलूंगा और मैं बोलूंगा, और मैं जीऊंगा और मैं जीवन का आनंद लूंगा (हाल्लेलुय्या), मैं जीऊंगा सारे अनंतता के युगो में से होकर जो आने वाले हैं, उस मसीह यीशु हमारे प्रभु में होते हुए। व्यूह! भाई, आप वहीं पर है, यही सुसमाचार है!

181 “जहां की मैं भी अब,” पौलुस बस बता रहा है वह क्या है। मैं बाकी को पढ़ दूंगा और तब हम बीमारों के लिए प्रार्थना करेंगे। “जब तक अधिकार में ना ले ले, यहां तब तक पूर्ण अधिकार नहीं मिलता, बयाना है, उसकी महिमा की स्तुति हो।”

> *इस कारण मैं भी उस विश्वास का सुसमाचार सुन कर जो तुम* (मैंने सुना कि तुम इन बातों में विश्वास करते हो, मैंने सुना कि तुम वास्तव में प्रभु यीशु सारे चुन लिए जाने पर विश्वास करते हैं, अनंत जीवन, और उद्धार और आदि–आदि) *प्रभु यीशु में, और सब... संतों से प्रेम,*
>
> *तुम्हारे लिए धन्यवाद करना नहीं छोड़ता, और प्रार्थनाओ में तुम्हें स्मरण किया करता हूं;*
>
> *कि हमारे प्रभु यीशु मसीह का परमेश्वर, जो महिमा का पिता है, होने पाए तुम्हें अपनी... पहचान में ज्ञान और प्रकाश की आत्मा दे:* स्वयं को आप पर प्रगट कर रहा था, अनुग्रह से अनुग्रह में बढ़ रहा था, सामर्थ से सामर्थ में, महिमा से महिमा में। पीछे नहीं

हटता; और, परंतु महिमा से महिमा, बढ़ता जा रहा है। मैं आपके लिए प्रार्थना करता रहूंगा।

आंख—*वे आंखें आपकी समझ की...*

182 हम्म! तुम्हें पता है, बाईबल में कहा गया है कि तुम अंधे थे और यह नहीं जानते थे। परन्तु यहाँ पौलुस ने कहा, "मैं प्रार्थना करने जा रहा हूँ कि तुम्हारी समझ की आँखे... " आप अपने ह्रदय से समझते हैं। यही है जिस विषय में वो बात कर रहे हैं। आप अपनी आंख से देखते हैं, परंतु आप अपने ह्रदय से देखते हैं। आप यह जानते हैं। तो ठीक है। "वह महिमा का परमेश्वर... " देखते है, वो—वो 18वा पद।

और तुम्हारी मन की आंखे ज्योतिमय हो; कि तुम जान लो कि उसके बुलाने से कैसी आशा होती है, और पवित्र लोगों में उस की मीरास की... महिमा का धन कैसा है,

और उस की सामर्थ हमारी ओर जो विश्वास करते हैं, कितनी महान है... (ओह! वे कहते हैं कि सामर्थ चली गई? सामर्थ तो अभी तक पहुंची नहीं है)... *जो विश्वास करते हैं, उस की शक्ति के प्रभाव के उस कार्य के अनुसार,* (आप जिन्होंने उनकी महान सामर्थ के कार्य पर विश्वास किया, मैं बस प्रार्थना करता हूँ कि परमेश्वर अपनी सामर्थ को आप पर उंडेलेगा। समझे?)

जो उस ने मसीह के विषय में किया, कि उस को मरे हुओं में से—से जिलाकर, और स्वर्गीय स्थानो में... अपनी दाहिनी ओर उसे बैठा दिया,

सब... प्रकार की प्रधानता, ... *और अधिकार, ... और* सामर्थ, ... *और प्रभुता के, और हर एक नाम के ऊपर, ...*

183 ओह, ओह, ओह! क्योंकि–... नहीं, अच्छा हो कि मैं ना। हम निश्चय ही हम समस्त रात्रि इस पर ले सकते थे।

... *और प्रत्येक नाम के ऊपर, जो न केवल इस लोक में, पर* आने वाले लोक में भी लिया जाएगा:

184 हर एक नाम—हर एक नाम क्या है? हर एक व्यक्ति का नाम धारण करेगा क्या? [सभा कहती है, "यीशु।"—सम्पा।] समस्त स्वर्ग को यीशु नाम दिया गया। समस्त कलीसिया को यीशु नाम दिया गया। हर चीज को

यीशु नाम दिया गया, क्योंकि केवल यही नाम है जो कभी परमेश्वर का था। वह यहोवा कहलाया; यहोवा–यीरे, प्रभु का दिया गया बलिदान; यहोवा–राफा, यहोवा जो तुझे चंगा करता है; यहोवा, प्रभु का झंडा, मनश्शे; और यहोवा, विभिन्न यहोवा। वह भोर का तारा कहलाया। वह पिता कहलाया, वह पुत्र कहलाया, वह पवित्र आत्मा कहलाया। वह अल्फा कहलाया, वह ओमेगा कहलाया। वह आदि कहलाया, वह अन्त कहलाया। वह डाली कहलाया। ओह, वह... वह हर प्रकार की उपाधियो में कहलाया, परंतु उसका एक नाम था।

185 इसी का विषय में मत्ती बात करता है, जब उसने कहा, "इसलिए तुम जाकर और सब जातियों को सिखाओ, और उन्हें नाम में बपतिस्मा दो," ना की नामों में, "पिता, पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम में।" पिता नाम नहीं है, पुत्र नाम नहीं है, और पवित्र आत्मा नाम नहीं है। यह तो उपाधियों के नाम है। यह तो तीन गुणों के नाम है जो कि एक परमेश्वर से संबंधित है। उसका क्या नाम था? स्वर्गदूत ने कहा, "तू उसका नाम बुलाना... " [सभा कहती है, "यीशु।"—सम्पा।] "क्योंकि वह अपने लोगों का उनके पापों से छुटकारा करेगा।" यही कारण है कि वे सब बाईबल में इसी प्रकार से बपतिस्मा देते हैं। यही है कि संत अगस्टीन ने इंग्लैंड के राजा का बपतिस्मा, लगभग—लगभग यीशु मसीह की मृत्यु के, एक सौ पचास, दो सौ वर्षो पश्चात यीशु मसीह के नाम में दिया। ठीक है।

सब प्रकार की प्रधानता,... और अधिकार... और सामर्थ्य,... और प्रभुता के, कि—कि हर एक नाम के ऊपर जो ना केवल इस लोक में पर आने वाले लोक में भी लिया जाएगा बैठाया:

और सब कुछ उसके पांव तले कर दिया और उसे सब वस्तुओं पर शिरोमणि ठहरा कर कलीसिया को दे दिया,

यह उसकी देह है,...

186 अब, यदि मेरे शरीर में सब वस्तुओं पर सामर्थ है, तो जो मेरा शरीर है वह मैं हूं। क्या यह ठीक बात है? मैं यही हूं, आप मुझे इसी प्रकार से जानते हैं। क्या यह ठीक बात है? अच्छा, तो, वह सब जो परमेश्वर था, वह यीशु में उड़ेला दिया गया, क्योंकि वह शरीर में परमेश्वर की परिपूर्णता था। क्या यह ठीक बात है? और वह सब जो यीशु था, उसने कलीसिया में उंडेल

दिया, "यह कार्य जो मैं करता हूं, इन्हीं कार्यों को तुम भी करोगे। और इससे भी बड़े तुम करोगे, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं।"

यह उसकी देह है, और उसी की परिपूर्णता है जो सब में सब कुछ पूर्ण करता है।

187 ओह, मैं इससे कितना प्रेम करता हूं! मैं कितना इस से प्रेम करता हूं! उस दिन में एक पुस्तक पढ़ रहा था जो कि मेरी यात्रा के विषय में जो सेवा—सेवा मैंने अफ्रीका में की। उस विषय में लिखी थी। इसके पहले कभी नहीं पढ़ी थी कितनों ने यह पुस्तक कभी पढ़ी है, *भविष्यवक्ता की अफ्रीकी यात्रा*? वहां पर उसमें मैं एक छोटे इंडियन लड़के को देख रहा हूं। कितनों ने वह चित्र देखा है?

188 मैंने सुना कि कोई अमूक सुसमाचार सुनाने वाला, बीमारों के लिए वर्षो से प्रार्थना कर रहा था लगभग पंद्रह या अधिक, उसने कहा, "मैंने अपने जीवन में कभी भी आश्चर्य कर्म होते नहीं देखा।" उसने कहा, "मैंने लोगों को देखा है जिन्होंने कहा उन्हें सिर दर्द था, ठीक हो गए। मैंने लोगों को कहते हुए सुना है कि उनके पेट में दर्द था, चंगे हो गए, और आदि–आदि। परंतु एक आश्चर्य कर्म, कुछ जो सिरजा गया और कुछ बना दिया गया... "

189 मैं सोचता हूं कि उस लड़के को वहां पर खड़ा हुआ होना चाहिए और देखा। उस भारतीय लड़के का पैर चारों ओर से लगभग *इतना* बड़ा था, उसमें से एक। और दूसरा वाला साधारण मनुष्य का सा पैर वाला। और यदि आप उसके बनावटी पैर, पर पर ध्यान दें, तो वहां उसका जूता लगभग 14 इंच का था, याने इस प्रकार से पंद्रह इंच ऊँचा। उसके तले में एक लोहे की प्लेट थी। और उसका जूता दो लम्बी छड़ो में जो खड़ी थी लगा था। वह वहां तक आया जहां मैं खड़ा हुआ था, वे उसे वहां तक लाए। उसके दो बैसाखियां थी। वह उस लोहे के जूते को उठा कर और उसे नीचे धम्म से रखता इस प्रकार से। मैंने उसके पैर की ओर देखा वह चारों ओर से *इतना* बड़ा था।

190 अब, वे लोग मुसलमान है, मुसलमान। क्या आप लोगों को स्मरण है पिछले रविवार जब मैंने उस कागज को पढ़ा था कि क्या लिखा था? यहां अफ्रीका से मेरे स्वयं के पास है, मेरे वहां से मिशनरी यात्रा से वापस आने पर दिया गया, भाई स्ट्राइकर। उसमें लेख है किस प्रकार से बिली ग्राहम इस पर वापस आ गया। ठीक है। उन्होंने उन मुसलमानों को उन्हें

सीधा समुद्र में धकेल दिया। क्या बात है? मिशनरी लोग कार्य स्थलों को छोड़ रहे हैं। वहां अधिक रुकने का कोई लाभ नहीं है? मैं लगभग मार भगाए गए।

191 मैं बिली ग्राहम से प्रेम करता हूं, और सोचिए वह परमेश्वर का बहुत अच्छा दास है। परंतु बिली ग्राहम को उस पर क्या अभियोग लगाना चाहिए था, कहना, "ज़रा ठहरिये... " यदि इनमें से कुछ स्वयं–नियत हुए बैपटिस्ट उसे ऐसा करने देते है, मैं सोचता हूँ कि उसने किया होगा। मेरा विश्वास है कि बिली ग्राहम परमेश्वर का जन हैं। लेकिन यदि उसने कहा होता, "एक मिनट रुकिए! मैं सुसमाचार का सेवक हूं। आप पुराने नियम में विश्वास करते हैं, और आप कहते हैं यीशु एक मनुष्य को छोड़ और कुछ नहीं था। मैं इस विवाद पर आपको चुनौती देता हूं।" मैं शैतान की चुनौती को लेने में विश्वास नहीं करता, नहीं श्रीमान, परंतु मैं पलट कर उसे चुनौती देता, और कहता, "मैं और आप एक साथ आते हैं। मैं आप एक दिव्यता में डॉक्टर हूं," बिली ग्राहम दिव्यता का डॉक्टर है, "इस बात पर आप को चुनौती देता हूं और मैं आपको सिद्ध करूंगा कि यीशु ही मसीह था। अब, जब यह दिव्य चंगाई पर आता है, मेरे पास वे वरदान नहीं है, परंतु हमारे पास एक भाई है जिसके पास यह है। अब, यदि आप लोगों को वहां लाना चाहते हैं, मैं उनमें से एक बुलाऊं, ओरल रोबर्ट या कोई, किसी जिसके पास महान सेवा है जो वास्तव में वहां पहुंचे।" वहां पहुंचे और तब देखे कि क्या घटित होता है, कहे, "मसीहत वह नहीं है जो आप सोचते हैं।"

192 अब प्रत्येक लज्जित अनुभव करता है क्योंकि वह बस वहां से निकल गया और उसे छोड़ गया। ठीक है, अब, मैं शैतान में विश्वास नहीं करता कि वह आपको चुनौती दे। मैंने इस प्रकार से उसके मुख थूका भी, और उसके पास से चला गया। यह ठीक बात है। परंतु जब यह उस स्थान पर आता है, जहां... बिली यह कर सके—सके, *उस* मुसलमान को यह अनुभव करवा सके कि *ऐसी* ही एक छोटी घास है। वह बाईबल को ले सकता था और यशायाह 9:6 लिया, और कहा, "वह किसके विषय में बात कर रहा है, 'हमारे लिए एक बालक उत्पन्न हुआ, हमें पुत्र दिया गया'? यह कौन मनुष्य है? यह कौन था जिसके विषय में वह बात कर रहा है? यह कौन भविष्यवक्ता है? यह कौन मसीहा है जिसे आना था? मुझे दिखाएं कि उसने स्वयं को मुसलमानों में कहां उत्पन्न किया। 'वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल किया गया, वह हमारे अधर्मों के कामों के हेतु कुचला गया, हमारी ही

शांति के लिए उस पर ताड़ना पड़ी, कि उसके कोड़े खाने से हम लोग चंगे हो जाए।' मुझे यह मुहम्मद में दिखाएं। वह कैसे चिल्लाया, 'मेरे परमेश्वर, मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया? उन्होंने मेरे हाथों और मेरे पैरो को छेदा है,' और आदि–आदि? मुझे अपने ही वचन में दिखाएं, अपने नियम में।" वह, क्यों उस मुसलमान को पीटता, इतनी बुरी तरह कि वह ना जान पाता कि वह कहां है। यह ठीक बात है।

193 परंतु जब कागज पलटा गया, यही था, जिसने आघात पहुंचाया, जिसने मेरे ह्रदय को उछाला। जब वहां कहा गया, "यदपि बिली को पीछे हटना पड़ा और पीठ घुमानी पड़ी, कैसे एक मुसलमान कह सकते हैं कि यह गलत था," कहा, "जब आदरणीय विलियम ब्रंहम, दक्षिण अफ्रीका, डरबन में थे, बिना विवाद के बाद दूसरा आश्चर्यकर्म, दिव्य सामर्थ जब दस हजार मुसलमानों ने एक समय उनके मुंह के बल झुक कर अपने जीवन को यीशु मसीह को दिया।" बिल्कुल ठीक। वे इस विषय में जानते हैं। वे भूल लोग इस विषय में जानते हैं। आप मुझे ना बताएं।

194 एक बार एक ने यीशु के पास आकर, कहा, "रब्बी!" आप जानते हैं वह एक फरीसी था। कहा, "हम जानते हैं कि तू परमेश्वर की ओर से गुरू होकर आया है। हम यह जानते हैं। हम यह जानते हैं, क्योंकि कोई मनुष्य ऐसे कार्य नहीं कर सकता जो तू करता है जब तक परमेश्वर उसके संग ना हो। हम समझते हैं। हम यह जानते हैं। परंतु हम बस इसे स्वीकार नहीं कर सकते, देखा, क्योंकि यदि हम करते हैं, तो हमें हमारी कलीसिया से बाहर निकाल दिया जाएगा। देखिए, हमारा सम्मान चला जाएगा।" और इसलिए यीशु ने कहा, उसे बताना आरंभ किया कि उसे फिर से जन्म लेना चाहिए।

195 उस मुसलमान लड़के पर, जब वह वहां खड़ा था, यहां उसका चित्र है, कैमरा एक झूठ को नहीं लेगा। वहां वह खड़ा हुआ है, एक पैर जो कि बहुत ही छोटा था (लगभग चौदह इंच) दूसरे वाले से उस लोहे के जूते पर खड़ा हुआ था। उससे कहा, मैंने कहा, "आप अंग्रेजी बोलते हैं?"

196 "नहीं, श्रीमान।" अंग्रेजी नहीं बोल सकते। अनुवाद करने वाले ने कहा, "वह अंग्रेजी नहीं बोलता।"

"आप कितने समय से इस दशा में है?" अनुवादकर्ता ने उससे पूछा।

"जन्म से।"

"क्या आप पैर को हिला सकते हैं? "

"नहीं, श्रीमान।"

"क्या आप यीशु मसीह में विश्वास करते हैं? "

कहा कि, "मैं एक मुसलमान हूं।"

मैंने कहा, "क्या आप यीशु मसीह को स्वीकार करेंगे यदि वह आपको चंगा कर देगा? "

197 "मैं यीशु मसीह को अपना बचाने वाला स्वीकार कर लूंगा यदि वह मुझे चंगा कर देगा।"

198 "यदि वहां इसे चंगा कर देगा, वह पैर उस जैसा हो जाता है, तो आप उसे स्वीकार करेंगे? "

"मैं करूंगा।"

199 "अच्छा, परमेश्वर, आप क्या करेंगे? " यह अगली बात है; सारे प्रश्नों का उत्तर दिया गया। भाई माईक, यही अनुभव है। जिसकी मैंने कुछ मिनट प्रतीक्षा करी कि देखुं कि वह क्या कहने जा रहा था। और मैंने उधर की ओर देखा, मैंने देखा कि लड़का जा रहा है, दीवार के सहारे–सहारे, वह इस प्रकार से जा रहा है। मैंने कहा कि, "आप कितने मुसलमान इसे स्वीकार करेंगे? यहां मुसलमान लड़का है, इसे देखिए, उसे वहां खड़ा कर दीजिए।" मैंने कहा, "आप डॉक्टर लोग आप उसे देखना चाहते हैं? वहां वह खड़ा है।" ओह, आप जानते हैं, तब आप कहां पर है। देखिए, आप जानते हैं आप कहां पर खड़े हैं। कोई नहीं... वहां पर वह था।

200 मैंने कहा, "पुत्र, यहां आरपार चलो।" और उन्होंने उस लिए यहां–वहां आता है। ("ता–लम्प, ता–लम्प।") मैंने कहा, "ऐसा लगता है बारह, चौदह इंच छोटा है। लगभग *इतना*।"

"जी हां।"

201 मैंने कहा, "परंतु यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र उसे चंगा कर सकता है। क्या आप मुसलमान इसका विश्वास करेंगे और उसे अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करेंगे? "

202 वहां हजारों वे काले हाथ ऊपर उठे, सारे में, इस प्रकार से। "तो, प्रभु, अब आ सकता है।" मैंने कहा, "स्वर्गीय पिता, यदि तूने मुझे कभी उत्तर दिया है, तो अब आप मुझे उत्तर दें, क्योंकि यह तेरी महिमा के लिए है,

यह आपके लिए है। मैं प्रार्थना करता हूं कि तू इस लड़के को चंगा कर।" इस प्रकार से मैंने उस पर प्रार्थना की।

203 मैंने कहा, "अपना जूता उतारो।" उसने मेरी ओर विचित्र रीती से देखा, वह अनुवादक। मैंने कहा, "अपना जूता उतारो।" उसने उसके फीते खोले। क्योंकि मैंने दर्शन देख लिया था, कि क्या होने जा रहा था। उसने उस चीज को उतारा। जब उसने उसे उतारा और मेरी ओर चला। दोनों पैर वैसे ही साधारण थे, दोनों पैर जैसे नए हो चल रहे थे। मैंने कहा, "तुम आगे पीछे आना जाना चाहते हो? "

204 वह आगे पीछे चलते हुए इस प्रकार से चिल्लाने लगा, नहीं समझ पाया कि क्या करूं। इस प्रकार से चल रहा था, उसने कहा, "ओ अल्लाह! अल्लाह!"

मैंने कहा, "यीशु! यीशु!"

ओह, ओह, ओह! "हे यीशु! यीशु," फिर। "यीशु! यीशु," इस प्रकार से।

मैंने कहा, "क्या कोई प्रश्न है, कोई प्रश्न? "

205 जूलियस स्टेडसक्लेव, कितने उसे जानते हैं? भाई स्टेडसक्लेव आराधनालय में आते हैं; अभी—अभी हाल ही में जर्मन चले गए। कहा, "भाई ब्रंहम एक मिनट, एक मिनट।" फोटोग्राफर को बुलाने के लिए, जल्दी, "मैं क्या उसकी तस्वीर सकता हूं? "

मैंने कहा, "स्वयं कर लीजिए।"

206 "*इधर* आओ, अपने जूते को *यहां* खड़ा करो।" वह इस प्रकार से खड़ा हुआ, वहां उस लड़के की तस्वीर, उतारी दोनों पैर जैसे ठीक होते हैं और सीधे जितने वे हो सकते हैं। यहां उसका पुराना जूता और उसके साथ लगा भुजा कवच, *इस* प्रकार, *इस* प्रकार से।

207 मैंने कहा, "आप में से कितने मुसलमान अब मोहम्मद का भविष्यवक्ता होने को अस्वीकार करेंगे, और यीशु को परमेश्वर का पुत्र होने का विश्वास करेंगे, और उसे अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करेंगे? " दसियों हजार हाथ हवा में उठे। हाल्लेलुय्या! वे नहीं चाहते...

208 वे इसे वैसे ही बनाए रखने का यत्न करते हैं, क्योंकि हम "पवित्र शोर मचाने वाले," लोग हैं, वे हमें यही कहते हैं, देखा। ठीक वैसे ही, परमेश्वर

का कार्य आगे बढ़ रहा है। वह अपनी कलीसिया को सही स्थान पर रख रहा है। वह आगे बढ़ते हुए कर रहा है, उस सबसे ऊपर बहुतायात से जो हम कर सकते हैं या सोच सकते हैं। वह आज भी वही परमेश्वर है जैसा वह पहले कभी था।

209 इसलिए, मेरे छोटे मित्रों, अब मैं आपको कुछ बता दूं। मेरे प्रिय बहुमूल्य लोगों, आप जो इस देश में सुनते हैं, और दूसरे टेप के देशों में जो समुद्र पार होंगे और जहां कहीं भी आप हैं, भयभीत ना हो। सब चीजें ठीक है। पिता, परमेश्वर संसार के रचने से पहले हर बात को जानता है जो होगी। सारी चीजें एक साथ मिल कर कार्य करती है। आप उससे प्रेम करते हैं? अपना हृदय सही रखे।

210 और, स्मरण रखें, जब यह श्वास इस जीवन से चली जाती है, आप बूढ़े लोग, या आप युवा लोग, और आप मातायें, जब आप अपने छोटे–छोटे बालकों को मरते देखती है, वह छोटी लड़की वह आठ दिन की या पांच दिन की भी नहीं थी, जब वह मर गई, वह एक सुंदर युवा महिला होगी जब आप उसे देखेंगे। वह बूढ़े दादा जो झुक गए हैं, वह कठिनता से ही देख पाते हैं कि वह कहां जा रहे हैं; जब आप उसे देखते हैं दादी को, वह एक बढिया सुंदर यूवक होगा, उतना ही यूवा, जैसे बीस वर्ष का शानदार यूवा अवस्था में। और वह सदा वैसा ही रहेगा। आप उसका हाथ छू सकते हैं, आप उसके साथ हाथ मिला सकते हैं। आप अपने हाथों को उसके गले में डालेंगे, परंतु वह "पति," नहीं होगा वह एक "भाई" होगा। ओह, प्रभु! वह "पति" से भी अधिक बढ़कर होगा। आप सोचते हैं कि आप उससे प्रेम करती है? निश्चय ही आपने किया। परंतु वह *फिलियों* था; जब तक आप *अगोपो* ना पाए प्रतीक्षा करे। प्रतीक्षा करें जब तक वास्तविक दिव्य प्रेम पकड़े, और तब देखिए कि क्या है। यह धधकते हुए ढेर के समान है, यह अच्छा नहीं है इसमें कुछ नहीं है। केवल एक ही परामर्श देता हूं जो आपको करना है, मेरे—मेरे—मेरे मित्रों वह यह है...

211 थोड़ी देर के बाद मैं... क्या आप चाहेंगे कि फिर कभी मैं वे दो अध्याय लू? प्रभु... चटाकुआ से पहले मैंने—मैंने थोड़ा विश्राम किया। अब, मैं यह बाते उन सभाओं में प्रचार नहीं कर सकता। वहां पर बहुत सारे, अ–... बहुत सारे विभिन्न विश्वास है। समझे? केवल यही अकेली कलीसिया है। समझे? मैं नहीं कर सकता... यहां मेरे पास अधिकार है कि मैं जो चाहूं

प्रचार करूं। यह मेरा आराधनालय है, देखा, और मैं आपको बता रहा हूं। अब, मैं विश्वास करता हूं कि वे लोग बच गए हैं। जी हां, श्रीमान, मैं सच में इसका विश्वास करता हूं। परंतु, ओह, आपको कितना और चलना है जब आप जानते हैं कि आप कहां चल रहे हैं। कितना और, जानते हैं, केवल यह जानने के लिए कि आप क्या कर रहे हैं, आप देखिए, बजाए इसके लड़खड़ाते रहे ठोकर खाते रहे। आओ हम केवल ज्योति में खड़े हो, और ज्योति में चले और जाने कि किस ओर बढ़ रहे हैं। यह सत्य है। प्रभु आपके संग रहे।

212 और यदि आप में से प्रत्येक जो अब यहां पर हैं यथा स्थान पर रखें नहीं गए है! आप एक ग्रहणी को छोड़ और कुछ नहीं हो सकती हो। अच्छा, आप कहते हैं, “भाई ब्रंहम, मैंने अपने जीवन में कभी कुछ नहीं किया। मैं प्रचारक नहीं हूं।” तो, संभव है परमेश्वर आपको यहां बालकों के परिवार के पालन–पोषण के लिए लाया, हो उस बालकों के परिवार से संभव है बालकों का दूसरा परिवार आए वह एक प्रचारक होगा जो लाखों प्राणों को मसीह के पास भेजें। आपको यहां होना है। आप यहां एक उद्देश्य के लिए है। क्या आप यह जानते है?

213 अच्छा, आप कहते हैं, “सब जो मैंने कभी किया कि उन पुराने मिट्टी के ढेलो को हेरों से फोड़ा है। और मैं प्रत्येक सांझ को निकलता होऊंगा, नहीं जान सका कि अपने बालकों को कैसे पालन करूंगा। मैंने एक बेचारे निर्धन व्यक्ति को देखा बिना जूते के देखा। मैं बैठ गया और रोया। मेरे पास एक पुरानी गाड़ी थी, मैं और मेरी मां आराधनालय गए।” आप चिंता ना करें, भाई। आप केवल उससे प्रेम करते रहे, उसके पास आपके लिए उद्देश है। आप केवल ठीक बने रहे जिस प्रकार से आप हैं केवल आगे बढ़ते जाएं। समझे? संभव है आपने कभी भी उपदेश ना दिया हो, परंतु हो सकता है आप उसके जो प्रचार करेगा उसके बड़े दादा हो।

214 क्या आपको मालूम है कि परमेश्वर ने श्रेय दिया (हम देखे कि उसका क्या नाम था?) लेवी, उसने दशमांश दिया जब वह अब्राहम के अंदर था, जब मलिकिसिदक उससे मिला? कितने यह जानते हैं? और हम जरा देखे। अब्राहम ने इसहाक को जन्म दिया, इसहाक ने याकूब को, याकूब ने लेवी को; जो कि पिता था, दादा, परदादा; जब वह देह में था, अपने

परदादा के वंश में था, बाईबल ने उसको इस बात का श्रेय दिया कि उसने मलिकिसिदक को दशमांश दिया। ओह, प्रभु, प्रभु, प्रभु! भाई! ओह! मैं...

215 वहां एक साधारण—साधारण अंग्रेज, वहां एक रात्रि उसका इंग्लैंड में मत परिवर्तन हुआ, उसने कहा, “मैं इतना आनन्दित हूं! मैं इतना आनन्दित हूं!”

216 जी हां, यह जानकर बहुत ही आनंदित हूं कि यह सत्य है! और किसी महिमा वाले दिन, मैं नहीं जानता कि कि वह दिन कब आएगा, परंतु यदि एक दर्शन था, मैं नहीं कहता कि मैं यहां पर था। स्मरण रखें, सदा इस बात को मस्तिष्क में रखें, संभव है, टेप रखने वाले यही करते हैं। चाहे जो दर्शन में था या आत्मा में ले जाया गया, मैं नहीं जानता। परंतु यह उतना ही वास्तविक था जैसे कि मैंने अपने इस भाई नेविल को *ऐसे* पकड़ा, इतना ही वास्तविक। और मैं उन लोगों को देख सकता था और उन लोगों से बात कर सकता था। और वहां मेरी पहली पत्नी खड़ी थी, वह यह नहीं चिल्लाई “मेरा पति,” उसने कहा, “मेरा प्रिय भाई।”

वहां एक लड़की खड़ी थी जो वर्षों पहले साथ–साथ जाया करती थी।

217 संभव है उसके कुछ संबंधित यहां पर बैठे हो, एलिस लुईस युटिका से, बहुत ही भली, ईमानदार मसीही, जीवन में थोड़ी देर से विवाह किया और पहला बालक हुआ और जन्म के समय मर गया। ऐलिस लुईस, उसे देखने मैं अंतिम संस्कार ग्रह में गया। अभी मैं घर पहुंचा। मैंने सुना वह मर गई। मैं वहां गया वहां कमरे में कोई नहीं था, मैंने कहा, “क्या यहां कोई महिला है, श्रीमती... ” उसका नाम ईमर्क था। और उसने एक अच्छे मसीही लड़के से विवाह किया, और वह एक बहुत अच्छी मसीही लड़की थी। मैं उस लड़की के साथ सब जगह रहा, सब प्रकार की जगहो में और सब कुछ। और बस बच्चे ही थे, अठारह, उन्नीस वर्ष के हर जगह, भले मसीही, बात को छोड़ और कुछ कभी नहीं जाना कि वह वास्तविक मसीही थी। और मैं एक पापी था। परंतु मैं उसके साथ गया। मैं गया... और उसका पति एक नया जन्म पाया हुआ मसीही था, वास्तविक पुरुष। और मुझे नहीं मालूम; मुझे पता लगा कि वह मर गई थी, मैंने यह अखबार में देखा था। और मैं नीचे गया और उन्होंने मुझे बताया। और मैं वहां कुटस के पास गया’ और मैंने कहा, “क्या आपके पास श्रीमति ईमर्क है? ”

उसने कहा, “बिली, वह वहां कमरे में है।”

218 मैं भीतर गया और वहां वहां बॉक्स की एक ओर खड़ा हुआ। मैंने सोचा, “एलिस, मैं घोर गंदगी के अंधेरे में था, मैं अंधेरे मार्गो पर था। तू और मैं एक साथ राहों पर चले और नदी के पार गए, जब उनके पास पुरानी रंग नौकाए हुआ करती थी, हम बैठ जाते और उस विशेष ओरगन की धुन पर। ऊपर नीचे गलियों में, तुम क्या ही महिला थी! मैं तुम्हारे जीवन के लिए परमेश्वर का कैसे धन्यवाद करता हूं। मेरी प्रिय बहन, विश्राम करो, परमेश्वर की शांति में विश्राम करो।

219 और उस रात्रि दर्शन में, वहां वह मेरे पास भागती हुई आ रही थी। उसने कहा, “मेरे धन्य भाई,” और अपने हाथों को मेरे चारों ओर डाल दिया। ओह, ओह, भाई और बहन, इसने मुझे बदल दिया। अब मैं वैसा कभी नहीं हो सकता। यह इतना वास्तविक है! यह इतना—यह इतना वास्तविक था, जैसे कि मैं तुम्हें देख रहा हूं, बिल्कुल वैसे ही। इसलिए, वहां कोई भय नहीं है। इससे पहले कि रात ढले मैं मर सकता हूं।

220 मैं अपने छोटे लड़के, जोसफ का पालन–पोषण करना चाहता हूं। मैं उसे प्रचार मंच पर देखना चाहता हूं, जब मैं इस बाईबल को ले सकता हूं... जब मैं एक स्थान पर पहुंचता हूं, मैं तो मैं जोसफ को प्रचार मंच पर प्रचार करते देखता हूं, एक—एक नवयुवक के समान जो पवित्र आत्मा से भरा हो, परमेश्वर के आत्मा से अभिषेक उसके ऊपर। और मैं विश्वास करता हूं वह एक भविष्यवक्ता होगा। और उस दिन जब मैं—जब मैं—जब मैंने उसे छह वर्षों पहले देखा था इसके पहले कि उसका जन्म हुआ, आपको स्मरण होगा कि मैंने आपको बताया था कि वह आ रहा है। स्मरण कीजिए जब मैंने उसे ठीक वेदी की एक ओर से पुकारा, यह ना जानते हुए कि मैं क्या कह रहा था, बालकों का समर्पण, मैंने कहा, “जोसफ, तू भविष्यवक्ता है।”

221 और एक दिन बाहर आंगन में खड़ा हुआ था, वह मेरे पास अंदर आया, और उसने कहा, “पिताजी, क्या यीशु के पास आपके जैसे हाथ है?”

और मैंने कहा, “तो, हां, पुत्र। क्यों?”

222 उसने कहा, “मैं अपनी साईकल पर बैठा हुआ था, साराह की प्रतीक्षा कर रहा था” वह उसकी छोटी बहन है, “कि विद्यालय से घर आने के लिए।” वहां बाहर बैठा हुआ था। मैं उसे सड़क पर नहीं जाने देता, वह पीछे *इस* प्रकार बैठा हुआ था। और कहा, “मैंने ऊपर देखा, और,” कहा,

"जब मैंने देखा, तो वहां आपके जैसा हाथ था सफेद आस्तीन के साथ मेरे ऊपर।" और बोला, "वह ऊपर चला गया।" कहा "क्या वह यीशु का हाथ ऊपर जा रहा था? " मैंने मां की ओर देखा, मां ने मेरी ओर देखा। हम श्रीमती वुड के यहां गए। वह जहां भी है, यहां पर बैठी है। हमने उससे प्रश्न उत्तर किए, आगे पीछे और हर प्रकार से जैसे कर सकते थे। यह एक दर्शन था। यह उसने देखा। जब मैं छोटे जोसफ को खड़ा हुआ है उस समय को देखता हूं... मैं आशा करता हूं मैं उसे विवाहित देखने के लिए जीवित रहूंगा, यदि यीशु रुका रहता है।

223 और मैं एक बूढ़ा मनुष्य हूं, सफेद बाल यहां मेरी गर्दन के चारों ओर है। मैं भेज चुका हूं... मैं बीस या तीस लाख लोगों को मसीह के पास भेजना चाहता हूं यदि संभव हो सका। यह मेरा इरादा है कि सुसमाचार को सारे संसार के कोनों में प्रचार करूं। जी हां, श्रीमान। इसलिए, मेरी सहायता करें, परमेश्वर, मैं यह करूंगा। इसलिए, जब मैं उस समय को आता देख सकता हूं, भाई माईक।

224 मैं मां मैडा के समय को देख सकता हूं, मैंने उसे पुकारा, मेरी प्रिय, देखिए, वह... हम बूढ़े हो रहे हैं, देखिए उसके बाल सफेद हो रहे हैं, और हमें जाते हुए देखें, क्षीण हो रहे हैं।

225 रिबेका, मैं रिबेका के लिए बहुत ही धन्यवादित हूं। उसकी संगीत शिक्षिका ने मुझे उस रात्रि बताया, कहा, "ओह, यदि वह इसी प्रकार बनी रहे, भाई ब्रंहम," कहती है, "यह कहना कठिन है कि वह क्या करेगी।" देखिए, संगीत में बढ़ रही है। मैं उसे चाहता हूं, और मैं चाहता हूं... मैं साराह को ओर्गन पर चाहता हूं, बैकी प्यानो पर, मैं जोसफ को प्रचार मंच पर।

226 जब मैं इसे घटित होते हुए देख सकता हूं, और मैं और मामा धीरे चलते हुए अंदर आ सकते हैं, मैं अपनी पुरानी छड़ी पर किसी रात्रि, सड़क पर चलते हुए और मैं भीतर देख सकता हूं और अपने पुत्र को पवित्र आत्मा के अभिषेक में पवित्र आत्मा के साथ, इसी संदेश को खड़े हुए प्रचार करते हुए देखता हूं। मैं इस पुरानी पुस्तक को लेना चाहता हूं, और कहता हूं, "पुत्र, यह यहां पर है, यह तुम्हारी है। तुम इसके पक्ष में खड़े रहो, और एक भी वचन के साथ समझौता नहीं करना। प्रिय, तुम इसके साथ बने रहना। तुम चिंता ना करना, चिंता ना करना, कि कौन तुम्हारे विरुद्ध है, कौन विरोध, परमेश्वर तुम्हारी ओर है। तुम वचन को उसी प्रकार प्रचार करना जैसा,

कि वह वहां पर लिखा है, और पिताजी तुम्हें नदी के पार मिलेगा।" मैं वहां पहुंचना चाहता हूं और उसे अपनी बाहों में लू, मेरी पत्नी, और यर्दन के पास जाऊं।

227 उस समय तक, परमेश्वर, मुझे कार्य स्थल में ईमानदार स्थिर रहने दे! मुझे होने दे! मैं चिंता नहीं करता जो भी मूल्य हो, या कितना, जो मैं करता हूं या *यह, वह,* या *जो* भी हो। मुझे ईमानदार और परमेश्वर के जीवित वचन के प्रति सच्चा होने दें, ताकि जब वह दिन आए और मैं पार होकर वहां जाऊं, और पार देखकर और कहूं, "तुम वही हो। ओह, मेरे बहुमूल्य मित्र, मेरे बहुमूल्य भाई, मेरे बहुमूल्य बहन।"

228 युवा प्रचारक, बाहर कार्य क्षेत्र में जाओ, कार्य में स्थिर रहो। तुम सब युवा प्रचारकों और चीजें इधर उधर ना बैठो। खाली ना बैठो और कुछ ना करो। बाहर निकलो और एक प्राण को जीतो। कुछ करो! बढो, कार्यशील हो जाओ। युवा प्रचारकों रुको मत। परमेश्वर आपको ह्रदयो को आशीषित करें।

229 वह मुझे स्मरण करता है जब मैं लगभग उस आयू का था, मैं समझता हूं, और संभव है उससे छोटा। मैं लगभग बीस एक वर्ष का होऊंगा जब मैंने वह कोने का पत्थर कहां रखा। मुझे याद है मैं नीला कोट पहना करता था और सफेद पेन्टे और वहां खड़ा हुआ, और इकसतीस वर्ष पहले वह कोने का पत्थर वहां रखा। देखिए मैं कितना बड़ा था, मैं लड़का ही था। बस वहां खड़ा हुआ, उस कोने के पत्थर को रख रहा था। मैंने एक भी वचन पर समझौता नहीं किया। मैंने उसे ठीक वैसा ही रखा जिस प्रकार मैंने होने का पत्थर रखा। वहां उसमें मेरी गवाही रखी है, जहां मैंने बाईबल के पन्ने पर यह लिखा था, और उसे फाड़ा और उसे कोने के पत्थर में रखा, और वह अब भी वहीं है। और यह होने पाए कि स्वर्ग में यह परमेश्वर के अनंत वचन के पन्नों में लिखा हो। अंत तक मुझे सत्य पर खड़ा रहने दे।

आइए एक क्षण के लिए हम प्रार्थना में अपने सिरों को झुकाए।

230 इस रात्रि समाप्त करते हुए, इन्हें बंद करते हुए, एक अध्याय जो कि न्यायोचित नहीं है। आपको दूसरा भी लेना है, कैसे वह आगे बढ़ता है और कलीसिया को उसके स्थान पर रखता है। किसी समय मैं यह आपके पास लेकर आऊंगा, परमेश्वर ने चाहा। इसके पहले मैं चटाकुआ जाऊं मैं थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं, दूसरी बड़ी सभा में, तब मैं वहां से

ओक्लहोमा को पार जाऊंगा, फिर मैं वहां से ओक्लाहोमा को पार करके, वहां से क्लैमथ फॉल्स तक जाऊंगा, फिर क्लैमथ फॉल्स से आगे केलिफोर्निया तक, याकिमा में, मैं अगले 15 अगस्त तक वापस नहीं आऊंगा।

231 लेकिन देखो, मैं आपसे कुछ पूछता हूं, यदि उस समय से पहले आपको या मुझे कुछ हो जाए, यदि मैं नदी को पार करके उस देश में चला जाऊं, या आप उस समय से पहिले पार करके उस देश में पहुंचो, क्या आप आज रात आश्वासन को महसूस करते हैं कि हम वहां उस स्थान पर मिलेंगे? यदि आप करते हैं, तो अपना हाथ ऊपर उठाएं, कहें, “मैं अपने ह्रदय में आश्वासन को महसूस करता हूं।” परमेश्वर आपके ह्रदय को आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। यदि यहां कोई ऐसा है जो इस आश्वासन को महसूस नहीं करता है कि वे वहां पर होंगे, और कहना चाहेंगे, “मुझे याद करना, भाई ब्रंहम, कि मेरे पास वो आश्वासन हो,” अपना हाथ ऊपर करें, “मैं भी वहां पर होना चाहता हूं।” परमेश्वर आपको आशीष दे, महिला। परमेश्वर आपको आशीष दे।

232 हमारे स्वर्गीय पिता, हम आज रात आपके पास इस सभा के लोगों को लाते हैं, जहां तक मैं जानता हूं, हर एक हाथ ऊपर उठे थे, एक व्यक्ति को छोड़कर सभी, कोई तो बहुमूल्य प्राण जो यहाँ पीछे बैठा हुआ है, बस थोड़ा थके हुआ कि क्या वे पार करके देश को को जा सकते हैं, जहां उनके ह्रदय में एक पर्याप्त सच्चा दिव्य प्रेम होता है, उस बहुमूल्य स्त्री के ह्रदय में, कि यदि वो आज रात मरती है तो क्या वो देश में आ जाएगी, क्या यह उसके थके हुये प्राण को परमेश्वर के प्रतिज्ञा किये हुये देश में खींचेगा?

233 स्वर्गीय पिता, जैसा कि मैं यहाँ इस पुलपिट पर खड़ा हुआ हूँ और प्रचार किया, और पसीना बहाया, और चिल्लाया, और विनती की, और यकीन दिलाया, मैं एक बार फिर से आप से विनती करता हूँ मेरी बहन के लिए जो वहां पीछे बैठी है; परमेश्वर, उसके ह्रदय के भीतर जगह हो, आज रात, वह दिव्य प्रेम, परमेश्वर का वह पवित्र आत्मा, वह शान्ति जो सारी समझ से परे है, कि वो आपकी आत्मा को ग्रहण करें, उस दिन तक के लिए पवित्र आत्मा के द्वारा मोहरबन्द कर दी जाए। मैं उसे देखना चाहता हूं, प्रभु, जब हम पुल को पार करते हैं। यदि यह—यदि यह मेरा—यदि इसे पार करना मेरा सौभाग्य है, यदि आपने मुझे जो दिखाया वह वास्तविक

है, और मैं वहाँ पार होकर जाता हूँ, मैं उससे वहाँ मिलना चाहता हूँ, और उसे दौड़ते हुए और मेरा हाथ पकड़ते हुए देखना चाहता हूँ, और कहते हए, "मेरे बहुमूल्य भाई, यह वो रात थी जब किसी ने मुझे अपना हाथ ऊपर उठाने के लिए कहा था, जब आपने इफिसुस की पुस्तक पर प्रचार किया था। मैंने अपना हाथ ऊपर उठाया, और उसके बाद मेरे साथ तो कुछ हुआ। मैं यहां हूं। मैं अब हमेशा के लिए यूवा हूँ।" परमेश्वर इसे उस अनमोल बहन के लिए प्रदान करें।

234 जिन्होंने अपने हाथ उठाए हैं कि उन पर पवित्र आत्मा की मोहर लग गई है, परमेश्वर का आत्मा उन पर है, और उन्होंने पवित्र आत्मा को पाया है, वे उनके हृदयों में उस ईश्वरीय प्रेम के साथ मोहरबंद हो गये हैं। हम उनके लिए आपको कैसे धन्यवाद दे।

235 यह जानते हुए, पिता, कि ये टेप दुनिया भर में चले जाएंगे। इस पुलपिट पर बहुत से माइक्रोफोन फैले हुए हैं, जिसका अर्थ ये है कि टेप बनाए जा रहे हैं, वहाँ वापस घूमते हुए, आवाज दुनिया भर में अलग-अलग देशों में चली जाएगी, दुनिया भर में चली जाएगी, बीस या तीस विभिन्न राष्ट्र इसे सुनेंगे। मैं हर उस व्यक्ति के लिए प्रार्थना करता हूँ जो इस टेप को सुनता है, जिसके पास अनंत जीवन की आशा नहीं है, जिन्हें पवित्र आत्मा का बपतिस्मा नहीं मिला है, होने पाए यह उनके हृदय में मधुरता से उतरे। इसे प्रदान करे, प्रभु।

236 और होने पाए मैं, यदि मैं उन्हें इस जीवन में कभी न देखूं, जब मैं पार होकर उस देश में जाऊं, होने पाए वे दौड़ कर आये और मुझे पकड़ ले (और मैं उन्हें पकड़ लूं, और वे, हम चिल्लाये, "बहुमूल्य भाई!" एक दूसरे के लिए), कहे, "मैंने इफिसुस पर आपका टेप सुना, कैसे परमेश्वर ने हमें अनंत जीवन के लिए पहले से ठहराया, और उस टेप पर ही मैंने परमेश्वर की आवाज़ को ग्रहण किया और मुझे पवित्र आत्मा के द्वारा परमेश्वर के राज्य में मोहरबंद कर दिया गया था।" इसे प्रदान करें, पिता।

237 सारे बीमार और पीड़ितों को चंगा करें। अपने आप को महिमावंत करें क्योंकि हम इस सब को आपके लिए सारे प्रयासों में यीशु, आपके पुत्र के नाम में सौंपते है। आमीन।

238 क्या यहाँ कोई है जो बीमार है और चाहता है कि उन पर हाथ को रखकर उसके लिए प्रार्थना की जाए? क्या आप अपने हाथ उठाएंगे? तो

ठीक है। क्या आप धीरे–धीरे से चलकर, अब, ठीक यहीं वेदी की ओर, और एक क्षण के लिए खड़े हो जाये, जबकि भाई नेविल उसके आते है...

239 ओह, ऐसा लगता है, बीमारों के लिए प्रार्थना करने के लिए, बस—बस ऐसा लगता है जैसे वहां आ रहे हैं जहां आप जानते हैं कि आप कहां खड़े हैं, बिल्कुल थी। परमेश्वर इस बारे में सब जानता हैं।

240 जब मैं वह गीत सुनता हूं... याद रखें, यदि आप जीवित हैं जब मैं जाता हूं, मेरे लिए इसे बजाना: *केवल विश्वास करो*। याद रखें, मैं मरा नहीं हूं, मैं इसे सुनने से बहुत दूर नहीं रहूंगा। मैं मर नहीं सकता; यीशु ने मुझे अनन्त जीवन दिया; अंतिम दिन मुझे जिलाने जा रहा हैं; मैं आपको मिलूंगा। और यदि आप जाते हैं, तो मैं आपके लिए भी यही विश्वास करूंगा। मुझे विश्वास है कि हम एक दूसरे को फिर से देखेंगे।

241 देखते हुए, यह बहुमूल्य महिला जो यहाँ सफेद बालों वाली खड़ी हुई है। तुम एक मसीही हो? उसकी आत्मा से भरी हुई, उसके आने की प्रतीक्षा में, बस यहाँ बाहर खड़े होकर नाव के साथ आने का प्रतीक्षा करती हुई। आमीन। ओह, बहन...

लेपालकपन *4* HIN60-0522E

(Adoption 4)

लेपालकपन श्रृंखला

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 22 मई, 1960 को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2023 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org